प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 22 शनिवार 10 जनवरी, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## भारत अब कमजोर नहीं, राजनाथ सिंह बोले-हम खुद बना रहे अपने हथियार, इसमें यूपी का अहम योगदान

(एजेंसी) लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब कमजोर नहीं है, हम अपने हथियार खुद बना रहे हैं और उत्तर प्रदेश इसमें नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि यही सोच और मेहनत देश को मजबूत बनाती है और इसी रास्ते पर आज हमारी सरकार चल रही है। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगता है कि जो उत्तर प्रदेश किसी जमाने में बीमारू राज्य कहा जाता था तथा जिसकी पहचान को गुंडाराज और अपराध से जोड़कर देखा जाता था, आज उसी राज्य में आए दिन उद्योग स्थापित हो रहे हैं। राजनाथ सिंह आज राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर इलाके में अशोक लेलैंड के अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी के साथ हिंदुजा परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। रक्षा मंत्री ने कहा, "विश्व स्तरीय ग्रीन फील्ड एकीकृत वाणिज्यिक वाहन विनिर्माण इकाई की शुरुआत उत्तर प्रदेश की औद्योगिक यात्रा में एक मील का पत्थर है। मैं इस उपलब्धि के लिए अशोक लेलैंड, हिंदुजा समूह और उत्तर प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ रहा और उसकी पहचान एक ऐसे राज्य के रूप में हो रही है, जो देश के विकास में बढ़–चढ़कर योगदान दे रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह देखकर अच्छा लगता है कि जो उत्तर प्रदेश किसी जमाने में बीमारू राज्य कहा जाता था तथा जिसकी पहचान को गुंडाराज और अपराध से जोड़कर देखा जाता था, आज उसी राज्य में आए दिन उद्योग स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, "लखनऊ में तो ब्रह्मोस एयरोस्पेस की फैक्टरी भी स्थापित की गयी है, जहां ब्रह्मोस मिसाइल बनायी जा रही है। अब यह मिसाइल बाहर से बनकर नहीं आती, हमारे अपने देश में, हमारे अपने उत्तर प्रदेश में बनती है। सरकार ने यहां रक्षा गलियारा बनाया है। इसका मतलब सेनाओं के लिए हथियार, गोला–बारूद और लड़ाकू जहाजों से जुड़ा सामान अब हमारे ही प्रदेश में बनेगा।"रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी 'डबल इंजन' की सरकार ने उत्तर प्रदेश में विकास के इस काम को और तेजी से आगे बढ़ाने के लिए एक नयी नीति बनाई है। उन्होंने कहा, "सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच साल में यहां हजारों करोड़ रुपये का नया काम आए और हमारे लाखों नौजवानों को सीधा रोजगार मिले।" लखनऊ से सांसद सिंह ने कहा, "आज, जब भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है तो उसमें उत्तर प्रदेश का योगदान बहुत महत्त्वपूर्ण होने वाला है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि एक विकसित भारत का रास्ता, विकसित उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा।" इससे पहले मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि लखनऊ में अशोक लेलैंड के अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक वाहन (इवी) विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है।

## एस जयशंकर के जन्मदिन पर पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी बधाई



(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज अपना 71वां जन्मदिन मना रहे हैं, इस मौके पर प्रधानमंत्री समेत बीजेपी और अन्य पार्टी के नेताओं और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने ने उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और भारत की विदेश नीति को मजबूत करने में उनकी भूमिका की सराहना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "डॉ. एस. जयशंकर जी को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने एक विशिष्ट राजनयिक के रूप में देश की सेवा की है और अब भारत की विदेश नीति और विश्व के साथ संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।" मोदी ने कहा, "मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं।" वर्ष 1955 में जन्मे जयशंकर राजनयिक से नेता बने हैं। वह 2019 से विदेश मंत्री हैं।

## अंकिता भंडारी मामले में भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

### कहा- भ्रष्टाचार, अहंकार का जहर भाजपा की राजनीति में सर्वत्र फैल चुका है

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते



हुए आरोप लगाया कि इस पार्टी की राजनीति में भ्रष्टाचार और अहंकार का जहर ऊपर से नीचे तक फैल चुका है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर डाले गये एक पोस्ट में कहा कि देश भर में भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने जनता की जिंदगी तबाह कर दी है। उन्होंने दावा किया कि सत्ता का दुरुपयोग भाजपा की राजनीति का मूल मंत्र बन चुका है। भाजपा के काम करने के तरीके में गरीब, असहाय, मजदूर और मध्यम वर्ग की जिंदगी सिर्फ एक आंकड़ा बनकर रह गयी है और विकास के नाम पर केवल वसूली तंत्र चल रहा है। उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में कई राज्यों में हुयी घटनाओं की मिसालें भी दीं। उत्तराखंड के अंकिता भंडारी मामले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस निर्मम हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था, लेकिन आज भी सवाल वही है कि सत्ता का संरक्षण किस अति महत्वपूर्ण व्यक्ति को बचा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि कानून सबके लिए बराबर कब होगा। उत्तर प्रदेश के उन्नाव कांड एवं पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर मामले पर उन्होंने कहा कि पूरा देश देख चुका है कि कैसे सत्ता के गुरूर में अपराधियों को बचाया गया और पीड़िता को न्याय के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी। राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौतों और गुजरात, हरियाणा तथा दिल्ली में प्रदूषित जलापूर्ति की शिकायतों का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हर तरफ बीमारियों का डर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डबल इंजन सिर्फ अरबपतियों के लिए चल रहा है। आम भारतीयों के लिए यह भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार, विकास नहीं बल्कि तबाही की रफ्तारश है, जो हर दिन किसी न किसी की जिंदगी कुचल रही है। राजस्थान में अरावली पर्वतमाला और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का मुद्दा उठाते हुए लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जहां भी अरबपतियों का लालच और स्वार्थ पहुंचा, वहां नियमों को रौंद दिया गया। उन्होंने कहा कि पहाड़ काटे जा रहे हैं और जंगल उजाड़े जा रहे हैं, जिससे जनता को बदले में केवल धूल, प्रदूषण और आपदा मिल रही है। खांसी के सिरप से बच्चों की मौत, सरकारी अस्पतालों में नवजातों की स्थिति और सरकारी स्कूलों की गिरती छतों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की सीधी मार है।

## अमित शाह के दफ्तर के बाहर टीएमसी सांसदों का धरना

### पुलिस ने हिरासत में लिया

(एजेंसी) नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी का असर अब दिल्ली की सियासत में भी दिखने लगा है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आठ सांसद शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए। सांसदों का कहना है कि ईडी की कार्रवाई राजनीतिक रूप से प्रेरित है और इसका मकसद पार्टी के चुनावी अभियान को कमजोर करना है।धरने में डेरेक ओ'ब्रायन, शताब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, बापी हलदर, साकेत गोखले, प्रतिमा मंडल, कीर्ति आजाद और डॉ. शर्मिला सरकार मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी भी हुई। बाद में दिल्ली पुलिस ने सभी सांसदों को हिरासत में ले लिया। गुरुवार को ईडी ने कोलकाता में कई



ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें आई–पीएसी कंपनी का दफ्तर भी शामिल था, जो टीएमसी के चुनावी मैनेजमेंट की जिम्मेदारी संभालती है। छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी मौके पर पहुंचीं और इसके बाद मामला और गरमा गया। बंगाल में ईडी के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। टीएमसी ने कोर्ट में याचिका दायर कर ईडी की कार्रवाई को गैर–कानूनी घोषित करने और पार्टी के दस्तावेज वापस करने की मांग की है। वहीं, ईडी का दावा है कि छापेमारी 'बंगाल कोयला खनन घोटाले' से जुड़ी है और ममता बनर्जी ने जांच में बाधा डाली। ममता बनर्जी का ऐलान ईडी की कार्रवाई के खिलाफ ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विरोध मार्च निकालने का ऐलान किया था। उन्होंने इसे चुनाव से पहले टीएमसी को डराने की कोशिश बताया। विपक्षी दलों का आरोप बंगाल कांग्रेस ने भी ईडी की छापेमारी का विरोध किया है। विपक्ष का आरोप है कि मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्षी नेताओं को चुन–चुनकर निशाना बना रही है।

## ट्रंप के रुख से भारत-अमेरिका व्यापार सौदे पर संशय, कांग्रेस ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बॉलीवुड अंदाज में तंज कसा। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक ने कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील इसलिए नहीं हुई, क्योंकि पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया। कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रोजाना भारत द्वारा रूसी तेल निर्यात पर टिप्पणी कर रहें हैं। पर मोदी जी चुप हैं। अपनी नजरें चुरा रहे हैं। सर वाली बात सरेंडर ज्यादा दिखती है। हमारे लिए विदेश नीति मतलब, राष्ट्र हित सर्वोपरि होना जरूरी है। पर मोदी सरकार ने हमारी विदेश नीति को गहरी चोट पहुंचाई है। मोदी सरकार की विदेश नीति एक ॅपसक च्मदकनसनउ की तरह कभी इधर, कभी उधर झुलती है और इसका नुकसान भारत की जनता को हो रहा है। वहीं कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने लटनिक के बयान का वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, हग (गले मिलना) हग न रहा, पोस्ट पोस्ट न रहा। उन्होंने पुराने हिंदी गानों की तर्ज पर तंज कसते हुए आगे लिखा, क्या से क्या हो गया, बेवफा तेरी



दोस्ती में। पीएम पर तंज कसते हुए रमेश ने आगे कहा, क्या से क्या हो गया, बेवफा तेरी दोस्ती में। रमेश का यह कटाक्ष 1965 की फिल्म गाइड और 1964 की फिल्म संगम के मशहूर गानों पर आधारित था।

## दिल्ली विधानसभा में जबरदस्त हंगामा, मार्शल आउट किए गए आप विधायक संजीव झा

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के सत्र के दौरान प्रदूषण के गंभीर मुद्दे पर चर्चा शुरू होते ही आम आदमी पार्टी के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस शोर–शराबे और व्यवधान के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने सख्त रुख अपनाते हुए आप विधायक कुलदीप कुमार और जरनैल सिंह को मार्शल आउट कर सदन से बाहर निकाल दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन के सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि प्रदूषण एक बेहद जरूरी मुद्दा है और इस पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए। विपक्षी नेता विजेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में सदन की कार्यवाही के दौरान अध्यक्ष ने बार–बार सदस्यों से शांति बनाए रखने की अपील की, जिससे जनहित के इस बड़े मुद्दे पर चर्चा पूरी हो सके। भाजपा विधायक का पिछली सरकार पर आरोप मालवीय नगर से बीजेपी विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा कि उनकी विधानसभा मालवीयनगर में गंदा पानी आ रहा है। सतीश उपाध्याय ने कहा कि मस्जिद मोठ, खिड़की हौजरानी, बेगमपुर जिसे इलाकों में गंदा पानी आ रहा है, जो पिछली सरकार की गलतियों की वजह से हो रहा है।

## छत्तीसगढ़ में 26 हजार क्विंटल धान खा गए चूहे, कबीर -धाम में अनियमितताओं और हेराफेरी के संकेत मिले

(एजेंसी) कवर्धा। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए धान के भंडारण में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। विपणन विभाग की आंतरिक जांच में जिले के दो प्रमुख संग्रहण केंद्रों से लगभग 26 हजार क्विंटल धान की कमी पाई गई है। इस धान की अनुमानित कीमत करीब आठ करोड़ रुपये बताई जा रही है। मामले ने प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है और इसे लेकर अनियमितताओं तथा संभावित हेराफेरी की आशंका भी जताई जा रही है।यह पूरा मामला खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के दौरान किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान से संबंधित है। विभागीय रिकॉर्ड के मुताबिक, उस अवधि में कबीरधाम जिले के बाजार चारभाठा और बघर्रा स्थित संग्रहण केंद्रों में कुल सात लाख 99 हजार क्विंटल धान का भंडारण किया गया था। यह धान बाद में चावल मिलों को आपूर्ति के लिए रखा गया था। जब मिलर्स द्वारा धान का उठाव पूरा हो गया और दस्तावेजों के आधार पर भौतिक सत्यापन किया गया, तब इन दोनों संग्रहण केंद्रों से 26 हजार क्विंटल धान की कमी सामने आई। प्रारंभिक तौर पर यह कमी सामान्य नुकसान से कहीं अधिक मानी जा रही है।जिला विपणन अधिकारी अभिषेक मिश्रा के अनुसार, धान में आई कमी को आधिकारिक तौर पर मौसम के प्रभाव, नमी, चूहा, दीमक



और अन्य कीट–पतंगों से हुए नुकसान के रूप में दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक भंडारण के दौरान कुछ हद तक प्राकृतिक नुकसान संभव है, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में धान की कमी ने सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी बीच संग्रहण केंद्र प्रभारी प्रितेश पांडेय को उनके दायित्व से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई एहतियातन की गई है ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, सहायक जिला खाद्य अधिकारी मदन साहू ने संकेत दिए हैं कि मामला केवल प्राकृतिक नुकसान तक सीमित नहीं हो सकता। उनके अनुसार, प्रारंभिक जांच में लगाए गए कई आरोप सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि धान के रखरखाव, रिकॉर्ड संधारण और भौतिक सत्यापन में गंभीर खामियां सामने आई हैं। मदन साहू ने कहा कि पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए एक विशेष जांच टीम गठित की गई है, जो दस्तावेजों, स्टॉक रजिस्टर, परिवहन अभिलेखों और भंडारण व्यवस्था की बारीकी से जांच करेगी। जरूरत पड़ने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ भी की जाएगी।26 हजार क्विंटल धान की अनुमानित कीमत करीब आठ करोड़ रुपये बताई जा रही है। इतनी बड़ी राशि से जुड़ा मामला सामने आने के बाद किसानों में भी चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि उन्होंने सरकार पर भरोसा कर समर्थन मूल्य पर धान बेचा था और अब अगर भंडारण में ही अनियमितताएं हो रही हैं, तो इसका खामियाजा अंततः किसानों और सरकारी खजाने को भुगतना पड़ेगा। स्थानीय किसान संगठनों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अन्य जिलों की तुलना में स्थिति बेहतर होने का दावा जिला विपणन अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने यह भी दावा किया कि प्रदेश के अन्य 65 संग्रहण केंद्रों की तुलना में कबीरधाम जिले की स्थिति बेहतर है। उनका कहना है कि अन्य जगहों पर भी भंडारण के दौरान नुकसान सामने आया है, लेकिन कबीरधाम में स्थिति नियंत्रण में है। हालांकि, इस बयान को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। जानकारों का कहना है कि अगर अन्य केंद्रों में भी इसी तरह की गड़बड़ियां हैं, तो यह राज्यव्यापी समस्या का संकेत हो सकता है। आगे की कार्रवाई पर टिकी निगाहें फिलहाल, पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है। जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि धान की कमी प्राकृतिक कारणों से हुई या इसके पीछे लापरवाही, भ्रष्टाचार या संगठित हेराफेरी है। अगर अनियमितताएं साबित होती हैं, तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ–साथ कानूनी कदम भी उठाए जा सकते हैं। कबीरधाम का यह मामला न सिर्फ जिले बल्कि पूरे राज्य की धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। अब सबकी नजरें जांच के नतीजों और प्रशासन की आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# सम्पादकीय

## एसआईआर की प्रक्रिया के बाद क्या बदलेंगे समीकरण?

उत्तर प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर के बाद जारी हुई ड्राट वोटर लिस्ट से कटे 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम ने सत्ता और विपक्ष, दोनों के लिए नए सवाल खड़े कर दिए हैं। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि सवाल ये है कि वोट किसका कटा, किस इलाके में इसका ज्यादा असर पड़ा और सबसे अहम सवाल यह कि किसे इसका सबसे अधिक फायदा और सबसे अधिक नुकसान हो सकता है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा चुनावी राज्य है। यहां 403 विधानसभा सीटें, 80 लोकसभा सीटें और एसआईआर के आंकड़ों के मुताबिक करीब 15.44 करोड़ वोटर हैं। ऐसे में 18.7 प्रतिशत वोटरों का ड्राट लिस्ट से बाहर होना किसी भूकंप से कम नहीं। विपक्ष इसे वोट कटौती की राजनीति बता रहा है, जबकि चुनाव आयोग और सरकार का तर्क है कि फर्जी, डुप्लीकेट और मृत मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं। बहरहाल यहां यह बताते चले कि बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत के साथ ही देशभर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी ।विपक्ष ने आरोप लगाया था कि इस प्रक्रिया के जरिए मुस्लिम वोटरों के नाम काटे जाएंगे। अब उत्तर प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी होकर पहला ड्राट सामने आ चुका है. आइए जानते हैं कि मुस्लिम बाहुल्यता वाले जिलों में इसका क्या असर पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश के जिन जिलों में मुस्लिम आबादी ज्यादा है, उनमें पश्चिमी यूपी के रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, मुजफरनगर, अमरोहा बरेली शामिल है। वहीं पूर्वांचल और उसके आसपास के हिस्सों में बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती आते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर देखें तो इन जिलों में ज्यादातर सीटों पर समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवारों की जीत हुई थी। अब सवाल यह है कि पहले ड्राट के बाद इन इलाकों में वोटरों की संख्या में कितना बदलाव आया है। किस जिले में कितने वोट कटे, अगर इसकी बात की जाए तो रामपुर– पहले ड्राट में लगभग 18 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे। मुरादाबाद– सपा सांसद रुचि वीरा के क्षेत्र में करीब 16 प्रतिशत वोट कटे। बिजनौर– लगभग 16 प्रतिशत वोटरों के नाम हटाए गए। सहारनपुर– कटे वोटरों का आंकड़ा 16 प्रतिशत के आसपास है। मुजफरनगर लगभग 16 प्रतिशत वोट कटे। अमरोहा– करीब 13प्रतिशत वोटरों के नाम हटाए गए। बलरामपुर– सबसे ज्यादा, लगभग 26प्रतिशत वोट कटे। बरेली–लगभग 21 प्रतिशत वोटरों के नाम हटाए गए। बहराइच में करीब 20 प्रतिशत वोट कटे। श्रावस्तीरू लगभग 17 प्रतिशत वोटरों के नाम हटाए गए। उत्तर प्रदेश की राजनीति पर इसका क्या असर हो सकता है? इस संबंध में राजनीति के जानकारों का कहना है कि इन आंकड़ों को गहराई से देखने की जरूरत है। अगर कटे हुए वोटरों में ज्यादातर मुस्लिम समुदाय के हैं, तो इसका सीधा फायदा भाजपा को मिल सकता है। क्योंकि इन जिलों में मुस्लिम वोट बैंक सपा और अन्य विपक्षी दलों के लिए अहम रहा है।


नफीस जाफरी

# यूपी में एसआईआर के बाद ड्राट जारी-लोकसभा चुनाव के बाद कितनी बदली स्थिति


गुलफिशा खान

यूपी में एसआईआर के बाद ड्राट वोटर लिस्ट जारी हो चुकी है। इसमें 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम लिस्ट से हटाए गए हैं। जांच में पाया गया कि ये मतदाता या तो मृत हैं, कहीं और शिट हो चुके हैं या एक से अधिक स्थानों पर पंजी.त थे। उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने अब 6 फरवरी 2026 तक दावा और आपत्ति दर्ज कराने का समय दिया है। इसके बाद 6 मार्च 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। ड्रॉट वोटर लिस्ट प्रकाशन के बाद अगर इसमें किसी वोटर का नाम नहीं है तो वो आपत्ति दर्ज करा सकता है, अपना नाम जुड़वा सकता है और अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के सीईओ नवदीप रिणवा के मुताबिक, ड्रॉट वोटर लिस्ट में 12.55 करोड़ वोटर हैं, जो एसआईआर प्रक्रिया के पहले कुल मतदाताओं के मुकाबले 2.89 करोड़ कम हैं, यानी करीब 18 फीसदी नाम घटे हैं। एसआईआर से पहले की मतदाता सूची में 15 करोड़ 44 लाख वोटर शामिल थे। एसआईआर का पहला चरण पूरा होने के बाद वोटर्स की संख्या 12 करोड़ 55 लाख के करीब रह गई थी। 2003 में आखिरी बार एसआईआर के बाद नए पुनरीक्षण में वोटर लिस्ट से 2 करोड़ 88 लाख के लगभग मतदाता कम हैं। जो पहले के कुल मतदाताओं का 18.70 फीसदी है। हटाए गए नामों में से मृत मतदाताओं की संख्या 46 लाख 23 हज़ार 796 है, यानी करीब 3 फीसदी। 79.52 लाख वोटर्स अपने तय पते पर गैरहाजिर मिले हैं, जो 5 फीसदी के करीब हैं। स्थायी तौर पर दूसरी जगह शिट मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 29 लाख के लगभग बताई जा रही है, जो 8. 4 फीसदी है। पहले से नामांकित 25.47 लाख वोटर्स हैं। जबकि अन्य 7.74 लाख वोटर्स हैं।

जैसा कि उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर का पहला ड्राट सामने आ चुका है अब सवाल यह उठता है कि लोकसभा चुनाव के बाद स्थिति कितनी बदली बदली है। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में बैकफुट पर रहना पड़ा था जहां भाजपा को केवल 33 सीट मिली थी। अगर सीटवार कटे हुए वोटरों की बात करें तो लखनऊ में 30 प्रतिशत से ज्यादा वोटो के नाम कटे हैं। गाजियाबाद में 29 प्रतिशत वोटरो के नाम कटे हैं। गौतमबुद्ध नगर में 24 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे हैं। आगरा में 23 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे हैं। अलीगढ़ में 19 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे हैं। हेमा मालिनी के संसदीय क्षेत्र मथुरा में 19 प्रतिशत लोगों के नाम कटे हैं। हाथरस में 16 प्रतिशत लोगों के नाम कटे हैं। बुलंदशहर में 15 प्रतिशत वोटो के नाम कटे हैं। पीलीभीत में 14 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे हैं। शाहजहांपुर में 22 प्रतिशत वोटो के नाम कटे हैं। अमरोहा से 14 प्रतिशत फर्रुखाबाद से 21 प्रतिशत वोट कटे हैं। अवध की बेल्ट में अगर देखा जाए तो कानपुर नगर में 26 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे हैं। साक्षी महाराज की सीट उन्नाव में 18प्रतिशत वोटो के नाम कटे हैं हरदोई में 18 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे हैं। गोंडा में 18 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे बहराइच में 20 प्रतिशत वोटरों के नाम कटे हैं। कैसरगंज में 20 प्रतिशत वोटरों के नाम काटे हैं। पूर्वांचल की अगर बात की जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाराणसी सीट में 18 प्रतिशत वोटो के नाम कटे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इलाके गोरखपुर से 18 प्रतिशत वोट कटे हैं। महाराजगंज में 15 प्रतिशत वोट कटे हैं। मिर्जापुर में 18 प्रतिशत वोट कटे हैं। भदोही में 17 प्रतिशत वोट कटे हैं। राजनीतिक विश्लेषक योगेश मिश्रा का कहना है अभी इन आंकड़ों की गहन रीजनिंग की जरूरत है। पर यह तय है कि बड़े पैमाने पर वोटर काटने पर भाजपा को घाटा होगा पर बिहार एसआईआर की ट्रेंड से लगता है विपक्ष के लिए भी चुनौती बड़ी है। एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर समाजवादी पार्टी लगातार सवाल खड़े करती रही है अब ऐसे में जब ड्राट सामने आया है तो सवाल उठता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन सीटों पर समाजवादी पार्टी जीती थी वहां कितने प्रतिशत वोट कटे हैं। जिन सीटों पर 2024 में लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी जीती थी वहां एसआईआर की प्रक्रिया का प्राथमिक तौर पर क्या असर पड़ा है। लोकसभा सीटों का इलाका सामान्यतः जिलों के आधार पर होता है, कई मामलों में एक जिले में एक से अधिक लोकसभा सीट या एक लोकसभा सीट एक से अधिक जिलों में विस्तृत होती है। पश्चिम उत्तर प्रदेश से अगर बात शुरू की जाए तो इकरा हसन की सीट कैराना सीट पर 16 प्रतिशत वोटर कटे हैं। रुचि वीरा की सीट मुरादाबाद में 15. 76 प्रतिशत नाम कटा है। रामपुर में 18.2 प्रतिशत वोट कटे हैं। बर्क परिवार की सीट संभल में 20 प्रतिशत वोट कटे हैं। मुलायम परिवार के अक्षय प्रताप की फिरोजाबाद में 18.13 प्रतिशत वोट कटे हैं। डिंपल यादव की मैनपुरी सीट में 16.17 प्रतिशत वोट कटे हैं। एटा में 16.80 प्रतिशत वोट काटे हैं। आदित्य यादव की बदायूं में 20.39 प्रतिशत वोट कटे हैं। धौरहरा में 17.50 प्रतिशत वोट कटे हैं। इटावा से 18.1 5 प्रतिशत वोट कटे हैं अखिलेश यादव की कन्नौज में 21.57 प्रतिशत वोट कटे है। अवध क्षेत्र की अगर बात की जाए तो इस लेख के लिखे जाने तक लखनऊ की मोहनलालगंज सीट का आंकड़ा अलग से उपलब्ध नहीं है। रामभुवल निषाद के संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर के 17.19 प्रतिशत वोट कटे हैं। प्रतापगढ़ के 19.8 प्रतिशत वोट कटे हैं। कौशांबी में 18 प्रतिशत कटे है। बुंदेलखंड के हिस्से की बात की जाए तो जालौन में 16.34 प्रतिशत हमीरपुर में 10.78 प्रतिशत बांदा में 13 प्रतिशत फतेहपुर में 16.3 प्रतिशत वोट कटे है। बात अगर पूर्वांचल से लगे जिलों की की जाए तो चंदौली में 15.45 प्रतिशत, अफजाल अंसारी के गाजीपुर में 13.85प्रतिशत, बाबू सिंह कुशवाहा के क्षेत्र जौनपुर में 16.5 प्रतिशत सनातन पांडे के क्षेत्र बलिया में 18.6प्रतिशत, राजीव राय के इलाके मऊ की घोसी सीट पर 17.5 प्रतिशत, लालगंज सीट पर 15.25 प्रतिशत, संत कबीर नगर में 19.96 प्रतिशत, बस्ती में 15.70 प्रतिशत, श्रावस्ती में 16.3 प्रतिशत और लाल जी वर्मा के अंबेडकर नगर में 13.8 प्रतिशत नाम कटे हैं।



# फ़ैज़-ए-इलाही मस्जिद के पास पहली बार 1976 में गरजे थे बुलडोज़र


फरीद वारसी

दिल्ली के तुर्कमान गेट के पास फैज–ए–इलाही मस्जिद के नजदीक बीते दिनों अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गयां। यहां अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान अचानक लोगों की भीड़ जमा हो गई और पत्थरबाजी शुरू हुई। इस घटना के बाद इलाके में पुलिस और सुरक्षाबलों की भारी तैनाती है। तुर्कमान गेट के पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और किसी भी तरह की घटना से निपटने की पूरी तैयारी हो चुकी है। हालांकि तुर्कमान गेट ने ऐसा एक्शन और पुलिसबल पहली बार नहीं देखा है, इंदिरा गांधी के दौर में भी इस इलाके में कुछ ऐसा ही नजारा दिखा था, जब यहां एक साथ कई बुलडोजर गरजने लगे। आज हम आपको दिल्ली में हुए इस पहले बुलडोजर एक्शन की पूरी कहानी बता रहे हैं। विदित हो कि इंदिरा गांधी जब सत्ता में थीं, तब उन्होंने 1975 में देश में पहली बार इमरजेंसी लगा दी। इस दौरान कई नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को गिरतार किया गया और उठने वाली हर आवाज को दबाने की कोशिश हुई। इसके बाद इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी ने बिना किसी पद के कई चीजों की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली थी, इसमें नसबंदी और दिल्ली की सूरत बदलना भी एक था। इसी दौरान एक दिन संजय गांधी की नजर तुर्कमान गेट पर बनी सैकड़ों झुग्गियों और बस्तियों पर गई, इस दौरान उनके साथ डीडीए के उपाध्यक्ष जगमोहन मल्होत्रा भी मौजूद थे। तब संजय गांधी ने उनसे कहा कि वो चाहते हैं तुर्कमान गेट से जामा मस्जिद का नजारा साफ दिखे। बॉस के ऐसे कहते ही जगमोहन मल्होत्रा ने हुकुम बजाना शुरू किया और तुर्कमान गेट इलाके में बड़ी कार्रवाई का खाका तैयार हो गया। ये बात साल 1976 की है। बुलडोजर एक्शन की आज काफी चर्चा होती है, लेकिन 1976 में पहली बार देश और राजधानी दिल्ली ने इसका असली रूप देख लिया था। 13 अप्रैल 1976 को पहली बार दिल्ली के तुर्कमान गेट की तरफ बुलडोजर बढ़ने लगे, जिन्हें देखकर वहां रहने वाले हजारों लोग सड़कों पर उतर आए, अगले कुछ दिन तक ये विरोध तेज हो गया और इलाके में कर्यू लगाना पड़ा। इस दौरान कई लोगों की मौत भी हुई। देखते ही देखते बस्तियां मलबे में तब्दील हो गईं और यहां रहने वाले हजारों लोगों को दूसरे इलाकों में शरण लेनी पड़ी थी। वहीं अब जैसा कि उल्लेखनीय है कि दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में एमसीडी



की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान विगत मंगलवार रात हालात तनावपूर्ण हो। तनाव उस वक्त और बढ़ गया जब अतिक्रमण हटाने कर्मचारी तुर्कमान गेट के पास बनी एक मस्जिद के पास पहुंचे। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई के खिलाफ हंगामा शुरू किया और हालात पत्थरबाजी तक पहुंच गई। एमसीडी के अनुसार मस्जिद के आसपास अवैध निर्माण किया गया है। ऐसे में उन्हें हटाने का आदेश है। स्थानीय लोग और प्रशासन के बीच खींचतान जारी है। जिस मस्जिद को लेकर ये बवाल हो रहा है उसे लेकर हम आज आपको सबकुछ बताने जा रहे हैं। तुर्कमान गेट के ठीक सामने बनी फैज–ए–इलाही मस्जिद करीब 80 साल पुरानी है। आजादी से पहले रामलीला मैदान के एक किनारे की ज़मीन पर कब्रिस्तान होने का दावा किया गया है। दिल्ली नगर निगम के मेयर राजा इक़बाल सिंह बताते हैं कि 1942 में 900 स्क्वायर मीटर की जगह कब्रिस्तान के नाम पर दी गई थी। इसी के पेपर को दिखाकर मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने इस जमीन पर हक जताया था। धीरे–धीरे मस्जिद यहां बना दी गई। फैज ए इलाही अरबी शब्द है इसका मतलब फ़ैज़ का मतलब महिमा या ग्रेस है जबकि इलाही का मतलब अल्लाह या ईश्वर होता है। इसी के नाम पर मस्जिद का निर्माण हुआ। एक स्थानीय बुजुर्ग के मुताबिक शाह फैज इलाही नाम के एक सूफ़ी थे उन्होंने मस्जिद का निर्माण कराया था। उनके नाम पर मस्जिद का नाम पड़ा उनकी कब्र भी पास में ही थी। इसीलिए कुछ स्थानीय लोग इसे दरगाह फैज ए इलाही भी कहते हैं। उनका कहना है कि यहां एक दरगाह भी हुआ करती थी। ये लेकिन वो नीचे दब गई ऊपर मस्जिद बनी है। उसके बाद धीरे धीरे मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने बगल की जमीन को घेरा उसे अपने उपयोग में लाने लगे फिर 1999 के आसपास वहां पक्का निर्माण करना शुरु कर दिया। निगम के सूत्रों के मुताबिक बीते 20 साल में मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने पहले रुकने के लिए कमरे फिर दो मंजिला बैंक्वेट हाल बना लिया। निगम के अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर मीडिया को बताया कि धीरे–धीरे रामलीला मैदान की जमीन पर डायग्नोस्टिक सेंटर फिर लाइब्रेरी के नाम पर 4047. 55 स्क्वायर यार्ड यानि करीब एक एकड़ के आसपास जमीन पर अवैध निर्माण हो चुका था। फ़ैज़ ए इलाही मस्जिद के इंतजामिया कमेटी के सदस्य मतलूब से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनका फोन नहीं उठाया जबकि मस्जिद के काजी साहब ने कहा कि फ़िलहाल वो इस मामले पर बात नहीं करना चाहते हैं।

## एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की



समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनी गईं। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों को एसएसपी द्वारा ध्यानपूर्वक सुना गया। संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से स्वयं वार्ता कर शिकायतों के न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का निष्पक्ष व प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर लेकर त्वरित कार्यवाही की जाए। एसएसपी ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

## फ्रेण्ड्स कॉलोनी पुलिस की कार्रवाई, 12 अभियुक्त गिरतार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी नगर अभय नारायण राय के मार्गदर्शन पर कानून–व्यवस्था सु.ढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जनपदीय पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। थाना फ्रेण्ड्स कॉलोनी प्रभारी ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई करते हुए 12 अभियुक्तों को गिरतार किया है। सभी अभियुक्त शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका के .ष्टिगत निरुद्ध किए गए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून–व्यवस्था मजबूत हुई है। आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा लगातार ऐसे अभियान चलाकर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# प्रगति पोर्टल: भारत की डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को तेज़ी से आगे बढ़ाने वाला एक गेम चेंजर

आर.के जैन

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना आज़ादी के बाद शुरू की गई सबसे महत्वाकांक्षी रेल अवसंरचना योजनाओं में से एक है। इसका उद्देश्य माल ढुलाई के लिए उच्च क्षमता और आधुनिक तकनीक से लैस विशेष रेल कॉरिडोर तैयार करना है। इस परियोजना के माध्यम से भारतीय रेल तेज़, सुरक्षित, भरोसेमंद और कम लागत वाली लॉजिस्टिक सेवाएं देकर माल परिवहन के क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी दोबारा बढ़ाना चाहती है। साथ ही, इस परियोजना से मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्कों के विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और पूरी आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार होगा। करीब ?1.2 लाख करोड़ से अधिक की अनुमानित लागत और 2843 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के दो मुख्य हिस्से हैं: पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर(ईडीएफसी) यह 1337 किलोमीटर लंबा है। यह कॉरिडोर पंजाब के लुधियाना स्थित साहनेवाल से लेकर बिहार के सोननगर तक जाता है और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्यों से होकर गुजरता है। पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) यह 1506 किलोमीटर लंबा है। यह उत्तर प्रदेश के दादरी से लेकर मुंबई के पास जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) तक फैला हुआ है। यह हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों से होकर गुजरता है। कुल मिलाकर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) का मार्ग 7 राज्यों और 56 जिलों से होकर गुजरता है। यह जंगलों, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों और क्रीक इलाकों से भी होकर जाता है, जिससे इस परियोजना का निर्माण कार्य स्वाभाविक रूप से जटिल हो जाता है। समय पर पूरा होने में आने वाली चुनौतियां हालांकि इस परियोजना की शुरुआत 2008 में हुई थी, लेकिन कई बाधाओं के कारण कई वर्षों तक काम की गति धीमी रही। मुख्य चुनौतियां इस प्रकार थीं लगभग 11,000 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण, जिसमें अवैध कब्जे और बने हुए ढांचों को हटाना शामिल था। वन भूमि, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों, पेड़ों की कटाई और क्रीक (नाले) पार करने से जुड़े कानूनी अनुमतियां प्राप्त करना।

900 से अधिक लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, जिनके लिए संयुक्त नक्शा स्वीकृति और रास्तों के लिए भूमि अधिग्रहण आवश्यक था।

हाई टेंशन बिजली लाइनों, गैस और तेल पाइपलाइनों को स्थानांतरित करना। रक्षा विभाग, एनएचएआई, राज्य राजमार्ग प्राधिकरणों, सिंचाई विभाग से नहर पार करने की अनुमति और मिट्टी उधार लेने की स्वीकृति। कोविड के बाद ठेकेदारों पर पड़ा आर्थिक दबाव, जिससे नकदी की कमी हुई। निर्माण के लिए बिना किसी बाधा वाली भूमि उपलब्ध न होने से कार्य समय–सारिणी पर गंभीर असर पड़ा और परियोजना पर संभावित दावों का खतरा भी बढ़ गया। प्रगति पोर्टल–निर्णायक मोड़ प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुरू किया गया प्रगति पोर्टल डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ। इस पोर्टल के माध्यम से डीएफसी के अधिकारियों ने लंबे समय से लंबित समस्याओं को पूरे दस्तावेज़ों के साथ अपलोड किया। प्रगति पोर्टल की सबसे बड़ी ताकत इसकी पारदर्शिता और जवाबदेही थी। संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और विभागों को यह साफ़ पता था कि कार्य की प्रगति पर सबसे ऊंचे स्तर पर, स्वयं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भी, निगरानी की जा रही है। जो मुद्दे वर्षों तक लगातार प्रयासों के बावजूद अटके रहे थे, वे कुछ ही हफ्तों में, और कई मामलों में तो कुछ दिनों के भीतर ही, सुलझा लिए गए। जहाँ तुरंत समाधान संभव नहीं था, वहाँ विभागों ने निश्चित समय–सीमा तय की और उसका सख्ती से पालन किया गया। शासन और जवाबदेही की नई संस्कृति प्रगति पोर्टल एक अत्यंत प्रभावी मंच के रूप में सामने आया, जिसके माध्यम से– परियोजनाओं की रियल–टाइम निगरानी संभव हुई समस्याओं को एक साथ कई स्तरों तक तुरंत पहुँचाया जा सका एक ही मंच से मंत्रालयों और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय हो पाया डीएफसी परियोजना में भी इसी तरह की एक आंतरिक निगरानी व्यवस्था लागू की गई। बड़े ठेकों की साप्ताहिक समीक्षा, नियमित स्थल निरीक्षण और तय किए गए लक्ष्यों की लगातार निगरानी सामान्य प्रक्रिया बन गई। चूंकि पोर्टल पर डाली गई सभी समय–सीमाएं दर्ज रहती थीं, इससे परियोजना टीम के भीतर अपने वादों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की भावना भी मज़बूत हुई। परियोजना क्रियान्वयन पर स्पष्ट प्रभाव जटिल समस्याओं के तेज़ समाधान से निर्माण कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई और बिना बाधा वाली भूमि समय पर उपलब्ध न होने से होने वाले संभावित दावों से संगठन को सुरक्षा मिली। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि प्रगति पोर्टल ने रोज़मर्रा की परियोजना प्रबंधन प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई और जवाबदेही को शामिल करके पूरे शासन तंत्र की कार्यसंस्कृति को ही बदल दिया। प्रगति पोर्टल आज प्रभावी डिजिटल शासन का एक जीवंत उदाहरण है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसी विशाल परियोजना, जो कई राज्यों, विभागों और नियामक क्षेत्रों से होकर गुजरती है, के लिए प्रगति केवल एक निगरानी उपकरण नहीं रहा, बल्कि बदलाव लाने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित हुआ। तेज़ फैसले सुनिश्चित करके, विभागों के बीच टकराव कम करके और हर स्तर पर जवाबदेही तय करके, प्रगति पोर्टल ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को सफल और समय पर पूरा करने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाई है। साथ ही, इसने भारत की आने वाली अवसंरचना परियोजनाओं के लिए एक नया मानक भी स्थापित किया है।

(लेखक डीएफसीसीआईएल के पूर्व एमडी हैं)

# तीन हास्पिटल सील, वैलेनेस हॉस्पिटल समेटने लगा सामान

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश पर डिप्टी सीएमओ डॉक्टर दिनेश त्रिपाठी, नायब तहसीलदार अशोक यादव, सीएससी अधीक्षक अरविंद वाजपेई द्वारा हरगांव मार्ग केसरी गंज स्थित जनता हॉस्पिटल की जांच की गई जरूरी कागजात न मिलने पर उसको सील कर दिया गया। उसी के निकट संचालित वरदान हॉस्पिटल को भी सील कर दिया गया।




श्री खाटू श्याम हॉस्पिटल संचालक बंद कर के मौके से भाग खड़ा हुआ। वैलनेस हॉस्पिटल टीम को देखकर स्वयं अपना सामान समेटने लगा तहसील मार्ग नवजीवन हॉस्पिटल की भी जांच की गई। जिसका नवीन रजिस्ट्रेशन पाया गया। मौके पर न कोई मरीज मिला न ही कोई डॉक्टर मिला। जिसके बाद टीम द्वारा सीतापुर मार्ग स्थित सहारा हॉस्पिटल की जांच की गई। जांच के दौरान बंद अवस्था में पाया गया जिसमें बाद में टीम द्वारा आरए हॉस्पिटल की भी जांच की गई। कोई भी आवश्यक दस्तावेज न मिलने पर उसको भी सील कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम के छापेमारी के चलते अवैध हॉस्पिटल के संचालकों में हड़कंप मच गया। कई अस्पताल जैसे मेडिकेयर हॉस्पिटल, मां हॉस्पिटल के संचालक अपने–अपने अस्पतालों का शटर गिरकर मौके से भाग खड़े हुए और टीम की लोकेशन लेते दिखे। मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 बजे तक चली। इस संबंध में जब अधीक्षक अरविंद बाजपेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश पर टीम गठित की गई उसके उपरांत आज शुक्रवार को जांच की गई जिसमें अवैध हॉस्पिटल जो पर प्रपत्र नहीं दिखा सके उनको सील कर दिया गया और अब उनकी चाबी भी जिले पर भेजी जा रही है। पूछने पर बताया कि कार्रवाई के बाद भी अस्पताल देर शाम खुल जाते हैं उन्होंने कहा कि अब ऐसा नहीं होगा अब उनको पूरी तरह से सील कर दिया गया है आगे भी यह कार्रवाई चलती रहेगी। जो हॉस्पिटल बंद कर सीएचसी में टीम की लोकेशन लेने पहुंचे थे उनको भी आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जाएगी।

# जी राम जी योजना ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाएगी : गिरीश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद के प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी (ग्रामीण) वीबी–जी राम जी को लेकर आज एक प्रेस वार्ता की। उन्होंने मनरेगा की संरचनात्मक और कार्यात्मक संबंधी विफलताओं की चर्चा करते हुए कहा कि नए अधिनियम में बेहतर बदलाव किए गए हैं। पूर्व में संचालित मनरेगा योजना में खराब गुणवत्ता और अनियमित परिसंपत्ति निर्माण, गहरा भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितता, नकली और डुप्लीकेट जॉब कार्ड, फर्जी लाभार्थी, कमजोर निगरानी और सामाजिक जवाब देही, प्रशासनिक क्षमता की बाधाएं आदि के चलते वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा बेहतर अधिनियम का निर्माण किया गया है। वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 का मुख्य उद्देश्य सुनिश्चित और बेहतर आजीविका सुरक्षा देना, टिकाऊ, उच्च गुणवत्ता वाले का ग्रामीण संपत्तियां सृजित करना, तकनीक आधारित पारदर्शिता के माध्यम से भ्रष्टाचार समाप्त करना, जवाबदेही के साथ सहकारी संघवाद मजबूत करना तथा गांव स्तरीय योजना को राष्ट्रीय




बुनियादी ढांचा प्राथमिकताओं के साथ एकी.त करना है। इसके अलावा ग्रामीण रोजगार नीति को विकसित भारत 2047 रोड मैप के अनुरूप भी बनाना है। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 की ढांचे एवं उसके प्रमुख प्रावधानों का भी मीडिया के साथ जानकारी साझा किया। उन्होंने बताया कि पिछले मनरेगा योजना का मुख्य कार्य केवल रोजगार प्रदान करने पर फोकस करना था जबकि वर्तमान अधिनियम में रोजगार को गांव विकास और विकसित भारत 2047 के .ष्टि से जोड़ना है। पिछली मनरेगा योजना के तहत 100 दिनों के कार्य की गारंटी थी परंतु नए अधिनियम में 125 दिनों के कार्य की गारंटी है। पिछली मनरेगा योजना में केंद्र श्रम लागत और सामग्री का 75 प्रतिशत अनुदान करता था, वर्तमान अधिनियम में केंद्र राज्य की साझेदारी 60–40 की रखी गई है। पूर्व की योजना में केवल स्थानीय स्तर पर योजना बद्ध एवं कम समन्वय के साथ कार्य होता था परंतु वर्तमान अधिनियम के तहत गांव स्तर परियोजनाएं पहले तैयार फिर ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल मानचित्र और प्रधानमंत्री की गति शक्ति से संयोजित करना है। उन्होंने कहा कि नए अधिनियम के तहत अनिवार्य रूप से छमाही सामाजिक ऑडिट का प्रावधान है तथा निश्चित समय सीमाओं और जिला लोकपालों के साथ डिजिटल बहु स्तरीय शिकायत प्रणाली की भी व्यवस्था की गई है। उसके प्रशासनिक व्यय को भी पूर्व के छह प्रतिशत से बढ़कर अब 9: तक कर दिया गया है जिससे बेहतर स्टाफिंग, प्रशिक्षण पारिश्रमिक और तकनीकी क्षमता की अनुमति मिल सके।

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस ने किया उपवास

न्यूज वाणी ब्यूरो/सीतापुर। मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में राजेश पाल (प्रधान), जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के नेतृत्व में तहसील महोली परिसर में एक–एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह का आयोजन किया गया। इस सत्याग्रह में सैकड़ों की संख्या में किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सांसद राकेश राठौर की प्रमुख उपस्थिति रही। उनके साथ डॉ. ब्रजबिहारी सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सत्याग्रह को संबोधित करते हुए राजेश पाल ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि गरीबों, पिछड़ों और मजदूर वर्ग के आत्मसम्मान पर सीधा हमला है। गांधी जी का नाम करोड़ों लोगों के लिए विश्वास और अधिकार का प्रतीक है, जिसे मिटाने की कोशिश कांग्रेस पार्टी कभी सफल नहीं होने देगी। डॉ. ब्रजबिहारी ने कहा कि महात्मा गांधी केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज भी सामाजिक न्याय और समानता की प्रेरणा हैं। मनरेगा से उनका नाम हटाना यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार को गरीबों की चिंता नहीं है और वह गांधीवादी विचारधारा से डरती है।



कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का राजेश पाल एवं डॉ. ब्रजबिहारी द्वारा अभिवादन किया गया और आंदोलन में भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सांसद राकेश राठौर ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार योजनाबद्ध तरीके से महात्मा गांधी के नाम और उनके विचारों को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। यदि सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो यह आंदोलन तहसील से लेकर संसद तक और व्यापक रूप लेगा। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में मांग की कि मनरेगा योजना में महात्मा गांधी जी का नाम तत्काल प्रभाव से पुनः जोड़ा जाए, अन्यथा कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध तरीके से बड़े जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन का किया वार्षिक निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, मऊ वार्षिक निरीक्षण किया गया दौराने निरीक्षण रिजर्व पुलिस लाइन स्थित विभिन्न शाखाओं टोलीफोन, रीडर कार्यालय, गणना कार्यालय, कैश कार्यालय, स्टोर रुम, वस्त्र भण्ड़ार का गहनता से निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गए। निरीक्षण के क्रम में तत्पश्चात महोदय द्वारा शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों की रख–रखाव, साफ–सफाई एवं अभिलेखों की व्यवस्था की समीक्षा की गई। इसी क्रम में एमटी शाखा (मोटर ट्रांसपोर्ट शाखा), फील्ड यूनिट, का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही साथ एसपी पुलिस लाइन में चल रहे निर्माण कार्य तथा साफ–सफाई का गहनता से जांच किया गया और पाई गयी कमियों को दूर करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। वार्षिक निरीक्षण के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर .ष्ण राजपूत, प्रभारी वाचक कार्यालय, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बोलेरो की टक्कर से बाल-बाल बचा युवक, चौराहे पर मचा हड़कंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद के सिधौली थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते–होते टल गया। लालपुर चौराहे पर पैदल जा रहे एक युवक को तेज रतार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी, लेकिन गनीमत रही कि युवक की जान बच गई। जानकारी के अनुसार महमूदाबाद की ओर से आ रहा युवक पंकज, निवासी ग्राम सरसौली, पैदल सिधौली की तरफ जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे जैसे ही वह लालपुर चौराहे पर पहुंचा, तभी महमूदाबाद की दिशा से आ रही एक अज्ञात बोलेरो ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक सड़क की पटरी पर जा गिरा। हादसे को देख आसपास मौजूद लोगों में अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत दौड़कर युवक को उठाया और उसकी



हालत देखी। आश्चर्यजनक रूप से युवक को कोई गंभीर चोट नहीं आई, जिससे सभी ने राहत की सांस ली। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और बोलेरो का पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक वाहन का कोई सुराग नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों ने लालपुर चौराहे पर तेज रतार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# ग्राम पंचायत चुनाव की बयार, प्रधान पद को लेकर गांव-गांव सियासी सरगर्मी

## - चाय की दुकानों से चौपाल तक गूंज रही चुनावी चर्चा

## - मतदाताओं को रिझाने में जुटे दावेदार

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। प्रदेश में प्रस्तावित ग्राम पंचायत चुनावों की आहट के साथ ही ग्रामीण राजनीति ने रतार पकड़ ली है। सिधौली विकास खंड के अटरिया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में प्रधान पद को लेकर माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगता नजर आ रहा है। गांवों की गलियों से लेकर चौपालों तक अब विकास, वादों और दावेदारों की चर्चा आम हो चली है।

अलाव के किनारे रणनीति इन दिनों ग्रामीण इलाकों में चाय की दुकानों और सर्द रातों में जलते अलावों के आसपास चुनावी चर्चाओं का दौर जारी है। कहीं पुराने चुनावों के अनुभव साझा हो रहे हैं तो कहीं नए उम्मीदवार अपनी रणनीति पर मंथन कर रहे हैं। हर बैठक में एक ही सवाल गूंज रहा है। अटरिया थाना क्षेत्र की गुलरिया, मऊ, हीरपुर, बिरसिंहपुर, टिकौली, रानुआपारा, जाजौर, अंबरपुर, कठवा, पिर्थीपुर, अलाईपुर, ससेना, कुवरपुर, लहुरीवान, नयागांव सहित कई ग्राम पंचायतों में प्रधान पद के दावेदारों ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। कोई घर–घर जाकर समर्थन मांग रहा है तो कोई छोटे–छोटे कार्यक्रमों के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने में लगा हुआ है। वादों और दावों की राजनीति उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए नए–नए तरीके अपना रहे हैं। कहीं विकास कार्यों का लेखा–जोखा पेश किया जा रहा है तो कहीं भविष्य की योजनाओं का खाका खींचा जा रहा है। सड़क, नाली, बिजली, पानी, शिक्षा और रोजगार जैसे मुद्दे चुनावी बहस के केंद्र में हैं। मतदाता भी दिखा रहे खास रुचि ग्राम पंचायत के मतदाता भी इस बार चुनाव को लेकर काफी सजग नजर आ रहे हैं। बुजुर्ग अपने अनुभव के आधार पर चर्चा कर रहे हैं, युवा वर्ग विकास और रोजगार को लेकर सवाल उठा रहा है, जबकि महिलाएं भी पंचायत में अपनी भागीदारी और सुविधाओं को लेकर खुलकर राय रख रही हैं। जैसे–जैसे नजदीक आएगा चुनाव, और तेज होगी राजनीति कुल मिलाकर अटरिया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में प्रधान पद को लेकर सियासी पारा




लगातार चढ़ता जा रहा है। आने वाले दिनों में जैसे–जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आएगी, वैसे–वैसे गांवों की राजनीति और भी दिलचस्प और रोचक रूप लेने की पूरी संभावना है।

# कड़ाके की ठंड में समाजसेवा के साथ जनसमस्याओं से रूबरू हुए प्रवीण

## – सकरन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क, गरीबों–बुजुर्गों को कंबल वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जनपद में गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं लहरपुर विधानसभा प्रभारी प्रबीण कुमार सिंह ने कड़ाके की ठंड के बीच समाजसेवा और जनसंपर्क अभियान चलाया। विकास खंड सकरन क्षेत्र की ग्राम पंचायत मानपुर शिकरी के मजरा सोनावां, क्योटाना, हर्दोपट्टी, सैदापुर सहित अन्य गांवों में पहुंचकर उन्होंने गरीबों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को कंबल वितरित किए और लोगों से सीधे संवाद किया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने सकरन से सेमरावा मार्ग की बदहाल स्थिति को प्रमुख समस्या के रूप में उठाया। लोगों



ने बताया कि सड़क अत्यंत जर्जर होने के कारण आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही कई पात्र दिव्यांगों और गरीब परिवारों ने मुख्यमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ अब तक न मिलने की बात भी रखी। प्रदेश महासचिव प्रबीण कुमार सिंह ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं को लेकर शीघ्र ही जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा और समाधान के लिए ठोस पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करना ही उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान प्रबीण कुमार सिंह ने यह भी कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ललित सिंह ने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर पार्टी जल्द ही रणनीति तैयार करेगी और इसके लिए शीघ्र ही बैठक आयोजित की जाएगी। जनसंपर्क और समाजसेवा कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ललित सिंह, विकास खंड सकरन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रमुख रूप से मनोज कुमार यादव, अरोज गिरी, प्रदीप कुमार यादव, गुड्डू भार्गव, संतोष रस्तोगी, नसीम गाजी, रामसागर यादव, रामपाल यादव, शिवकुमार, श्यामू अवस्थी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी का बुलडोजर गरजा, अवैध अतिक्रमण पर चला हथौड़ा

## - सिटी स्टेशन के पास सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण को मिली रफ्तार


न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ लोक निर्माण विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। शहर के व्यस्ततम इलाके सिटी स्टेशन मार्ग पर वर्षों से सड़क किनारे किए गए स्थायी निर्माण, दुकानों और खोखों को बुलडोजर चलाकर हटाया गया। यह कार्रवाई सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण कार्य को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में ही सड़क के दोनों ओर 7–7 मीटर तक सीमा का स्पष्ट चिन्हीकरण कर लिया गया था। जांच में यह सामने आया कि कई लोगों ने विभागीय भूमि पर स्थायी निर्माण कर अवैध कब्जा कर रखा था। इन अतिक्रमणों के चलते सड़क संकरी हो गई थी, जिससे आए दिन जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती थी। साथ ही नाले पर कब्जे के कारण बरसात में जलभराव आम समस्या बन चुका था। कई बार दिए गए नोटिस, नहीं मानी बात कार्रवाई से पहले विभाग ने अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद शुक्रवार को प्रशासनिक सहयोग के साथ पीडब्ल्यूडी की टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। पूरे अभियान के दौरान स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। पीडब्लूडी के जूनियर इंजीनियर दिवाकर गौतम ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के बाद यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा और आमजन को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही नाला निर्माण से जल निकासी बेहतर होगी, जिससे बारिश के मौसम में लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भविष्य में सड़क किनारे किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की अपील प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न करें और शहर के विकास कार्यों में सहयोग करें, ताकि सीतापुर को जाम और जलभराव जैसी समस्याओं से मुक्त किया जा सके। शहर के विकास की दिशा में यह कार्रवाई एक अहम कदम मानी जा रही है।



# टाउन हॉल से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई तेज, सपा कार्यालय पर संकट

## - नगर पालिका के नोटिस से मचा राजनीतिक हलचल, सपा ने कोर्ट जाने का किया ऐलान



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। नगर के ऐतिहासिक टाउन हॉल परिसर में वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जों को हटाने की दिशा में नगर पालिका परिषद ने सख्त रुख अपना लिया है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यालय को खाली कराने के निर्देश दिए जाने से जिले की राजनीति में हलचल मच गई है। नगर पालिका की ओर से बुधवार रात सपा कार्यालय सहित अन्य कब्जेदारों को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि तय समय सीमा के भीतर कब्जा न हटा तो ऐसी स्थिति में प्रशासन द्वारा विधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन के अनुसार तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल ने 15 जनवरी 2005 को टाउन हॉल परिसर की नजूल भूमि मात्र 100 रुपये वार्षिक किराए पर समाजवादी पार्टी को आवंटित की थी लेकिन आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन न होने के चलते यह आवंटन 14 अप्रैल 2005 को ही निरस्त कर दिया गया था। इसके बावजूद बीते लगभग 20 वर्षों से उक्त भूमि पर सपा कार्यालय संचालित होता रहा, जिसे अब नगर पालिका प्रशासन अवैध कब्जा मान रहा है। नगर पालिका ने इस मामले में सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव के साथ–साथ भाजपा नेता संजीव गुप्ता उर्फ टिंचू की मां मिथलेश गुप्ता समेत कुल छह लोगों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि टाउन हॉल नगर की सार्वजनिक संपत्ति है और उस पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस पूरे मामले पर जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने साफ शब्दों में कहा कि नजूल भूमि पर किया गया कब्जा अवैध है। कब्जेदारों को 15 दिन का समय दिया गया है, इसके बाद प्रशासन कठोर कार्रवाई करेगा। वहीं सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि भूमि का विधिक तरीके से आवंटन हुआ था और 99 वर्षों के लिए रजिस्ट्री कराकर कार्यालय का निर्माण किया गया था। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब पार्टी स्तर से दिया जाएगा और न्याय के लिए कोर्ट की शरण ली जाएगी। टाउन हॉल परिसर से अवैध कब्जे हटाने की यह कार्रवाई आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है, जिससे सीतापुर की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में हलचल और बढ़ने के आसार हैं।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P

हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213

एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# बंजारिया में निर्मित मनरेगा खेल मैदान व पार्क का प्रमुख सचिव ने किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले



रणवीर प्रसाद ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व उपायुक्त मनरेगा रवि शंकर पाण्डेय के साथ विकास खण्ड बलहा अन्तर्गत बंजरिया में निर्मित मनरेगा खेल मैदान एवं पार्क का निरीक्षण किया गया। बीडीओ बलहा अपर्णा द्वारा बताया गया कि खेल मैदान एवं पार्क में बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, ट्रैकिंग पथ वे, योग स्थल, बालक एवं बालिकाओं हेतु अलग–अलग शौचालय, बैठने के लिए बेंच, ओपन जिम के सभी उपकरण के साथ मैदान में सुंदर बैठक की व्यवस्था की गई है। पार्क के चारों तरफ हरे पेड़ लगाए गए जिससे पार्क की सुंदरता बढ़ रही है, चारों तरफ की दीवार में अच्छी पेंटिंग कराई गई है। पार्क में नियमित रूप से महिलाएं एवं बच्चे आ कर टहलते है और खेलो में प्रतिभाग करते है। प्रमुख सचिव द्वारा पार्क की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस पार्क को मॉडल खेल मैदान पार्क मानते हुए ऐसे ही अन्य खेल मैदान विकास खंड की ग्राम पंचायतों में निर्मित कराये जायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कैमरा लगाने एवं बैडमिंटन कोर्ट में सिंथेटिक मैट लगवाने हेतु निर्देशित किया। प्रमुख सचिव एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पार्क में खेल रहे बच्चों को बिस्किट एवं टाफी वितरण कर बच्चों का मनोबल बढ़ाया एवं खेल को जीवन का अंग बनने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, ग्राम प्रधान तथा ग्रामवासी मौजूद रहे। इससे पूर्व प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने भरथापुर के विस्थापित परिवारों के लिए ग्राम पंचायत सेमरहा में चिन्हित स्थल, सेमरहना में निर्मित अन्नपूर्ण भवन व गौशाला, परवानी गौढ़ी में स्थापित टी.एल.आर. प्लान्ट तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये गये सड़क के चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। सेमरहना में विस्थापित परिवारों के लिए चिन्हित स्थान के निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने एसडीएम मिहींपुरवा राम दयाल, तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार व बीडीओ मिहींपुरवा विनोद यादव को निर्देश दिया कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार ऐसे बन्दोबस्त सुनिश्चित किये जायें कि विस्थापित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सेमरहना गौशाला के निरीक्षण के दौरान ठंड से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाओं पर प्रमुख सचिव श्री प्रसाद संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय को निर्देश दिया कि कुछ अतिरिक्त स्थानों पर अलाव जलवा दिये जायें। यहा पर स्थापित 05 किलोवाट के गोबर गैस प्लान्ट के क्रियाशील होने तथा उससे उत्पादित ऊर्जा के माध्यम से चारा कटिंग मशीन व अन्य उपकरण संचालित होने पर प्रमुख सचिव ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि बड़ी उम्र के नर पशुओं का बधियाकरण करा दिया जाये ताकि पशुओं के बीच संघर्ष में छोटे पशु घायल न होने पायें। गौशाला के निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने सीडीओ के साथ 14 केयर टेकरों को कम्बल का वितरण भी किया। उल्लेखनीय है जनपद के 02 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के प्रथम दिन देर शाम प्रमुख सचिव ने विकास ण्ड तेजवापुर के उ.प्रा. वि. बेड़नापुर परिसर में रू. 17.43 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय (प्री–प्राइमरी से कक्षा 12) का भी निरीक्षण किया।

## गरीब बेसहारों और दिव्यांगों को शांति रावत ने बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भाजपा नेत्री शांति रावत द्वारा तथा मंडल मंत्री भाजपा व विधानसभा बलहा के गिरधरपुर मंडल की ग्राम पंचायत अड़गोडवा के मजरा सुक्खा पुरवा में निवास करने वाले समस्त दिव्यांग व बेसहारा लोगों को कंबल वितरण का कार्य भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमोद कुमार वर्मा शक्ति केंद्र संयोजक अड़गोडवा के घर पर ग्राम प्रधान भगवती प्रसाद निषाद की उपस्थिति में किया गया। इस शुभ अवसर पर राम चरन मंडल महामंत्री, रूपनारायण मौर्य मंडल उपाध्यक्ष, केशव राम, शक्ति केंद्र संयोजक रायबोझा अशोक कुमार यादव, शक्ति केंद्र संयोजक भगवानपुर कुर्मीयाना दिलासा राम बूथ अध्यक्ष 256 एवं आत्माराम बूथ अध्यक्ष 259 की शक्ति केंद्र संयोजक भगवानपुर कुर्मीयान आदि की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर उपस्थित समस्त भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों का शांति रावत द्वारा डायरी व कलम देकर स्वागत किया गया एवं एसआईआर की द्वितीय चरण में 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले नए मतदाता एवं त्रुटिवस छूटे हुए मतदाताओं का प्रपत्र 6 भरकर बीएलओ के पास जमा करने यदि कोई गलत मतदाता दर्ज वोटर लिस्ट में हो तो उसके लिए प्रपत्र 7 भरवा कर उसका नाम वोटर लिस्ट से कटवाने एवं प्रपत्र 8 भरवा कर यदि कोई अशुद्धि हो तो उसे ठीक करने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही समस्त कार्यकर्ताओं व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों से जी राम जी योजना के ऊपर विस्तृत चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा 100 के स्थान पर 125 दिन का गारंटीड रोजगार उपलब्ध कराने ग्राम पंचायत में स्थाई संपत्तियों का निर्माण कर गांव को विकसित ग्राम पंचायत बनाकर देश को 2047 में विकसित राष्ट्र का निर्माण कर समरस भारत बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2027 के आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर मां भारती की सेवा करने हेतु प्रार्थना की गई।

## सालाना उर्स परम्परागत तरीके से पूरी अकीदत के साथ मनाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी। मरकजी दरगाह में हजरत हाफिज मोहम्मद मुश्ताक अलमारूफ छेदा मियाँ रह0 का सालाना उर्स परम्परागत तरीके से पूरी अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर बीती रात आस्ताने पर चिरागां किया गया और देर रात तक महफिले समां का आयोजन हुआ। अगली सुबह शुक्रवार को कुरआन ख्वानी हुई और बाद में महफिले समां हुई। जुमा के दिन सवेरे जामा मस्जिद में मीलाद की नूरानी महफिल सजाई गई जिसमें खतीबे अहले बैत सय्यद सलमान रिजवी ने नबी और आले नबी की शान में तकरीर की और जुमा की नमाज के पहले जामा मस्जिद में इस दरगाह के ही चश्मो चिराग मौलाना सय्यद अमीन मियाँ ने नूरानी खिताब किया और जुमा की नमाज के बाद फातेहा ख्वानी हुई जिसमें दरगाह शरीफ के खानवादे सय्यद मिनहाज मियाँ, सय्यद शाह मुमताज मियाँ, मौलाना सय्यद अमीन मियाँ, सय्यद वकार मियाँ और बड़े मखदूम साहब खैराबादी के सज्जादा नशीन सय्यद मदनी मियाँ, अमृतापुर गाँव स्थित हजरत साबिर मियाँ की दरगाह के सज्जादा हजरत मुश्शन, दरगाह की जामा मस्जिद के इमाम हाफिज सईदुर्रह्मान, मौलाना रईस समेत बहुत से अकीदतमंदों ने फातेहा में शिरकत किया। बाद में बड़े पैमाने पर लंगर बांटा गया। दरगाह के साहिबे सज्जादा सय्यद मुमताज मियाँ की देख रेख में आयोजित इस 291 वाँ सालाना उर्स के मौके पर मुकामी व बाहरी हजारों अकीदतमंदों ने आस्ताने पर हाजिरी देकर फैज हासिल किया और साहिबे सज्जादा से मुलाकत करके दस्तबोसी की। पूर्व वर्षो की तरह इस बार भी सालाना उर्स के मौके पर मेहमानों के खाने पीने और ठहरने का माकूल इंतिजाम किया गया था।

## गोला कॉरिडोर की धीमी रतार पर 3.35 करोड़ रुपए की पेनल्टी तय

**- भुगतान से पहले जुर्माने की कटौती, डीएम ने प्रमुख सचिव पर्यटन को लिखा पत्र**

**- तीन ठेकेदारों पर कुल 3.35 करोड़ का लिक्विडेटेड डैमेज तय**

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ स्थित प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर चमकाने की योजना पर ठेकेदारों की सुस्ती भारी पड़ गई है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली गोला कॉरिडोर परियोजना में निर्माण कार्य की रतार थमती देख डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जाँच समिति और तकनीकी परीक्षण के बाद तीन ठेकेदारों पर 3.35 करोड़ रुपये से अधिक का लिक्विडेटेड डैमेज लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थलीय निरीक्षण में एसडीएम गोला सहित अन्य अधिकारियों ने पाया कि निर्माण स्थल पर न श्रमिक पर्याप्त हैं, न ही काम में अपेक्षित तेजी। यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) यूनिट 14 लखनऊ द्वारा कराए जा रहे कार्य की अनुबंधित पूर्णता तिथि 15 मार्च 2026 है लेकिन मौजूदा हालात में समय पर कॉरिडोर का पूरा होना मुश्किल नजर आ रहा है। चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि इतनी अहम परियोजना में देरी के बावजूद समयवृद्धि का प्रस्ताव तक सक्षम प्राधिकारी को नहीं भेजा गया, जिसे प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास के दौरान गोलागोकर्णनाथ शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों का आगमन होता है। यदि कॉरिडोर निर्माण कार्य श्रावण मास से पूर्व पूर्ण नहीं होता है तो शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने में प्रतिकूल परिस्थितियां उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है। तकनीकी आख्या में जुर्माने की मुहर जाँच समिति की रिपोर्ट में गोला कॉरिडोर निर्माण की भौतिक प्रगति अत्यंत धीमी पाई गई है। अनुबंध की शर्तों के अनुसार पहले ठेकेदारों पर 10 प्रतिशत तक जुर्माना प्रस्तावित किया गया था। इसके बाद यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का तकनीकी परीक्षण लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड से कराया गया। अधिशासी अभियंता की आख्या में अनुबंध संख्या 109 (मेसर्स रीना सिंह) पर 8 प्रतिशत यानी लगभग 1.45 करोड़ रुपये, अनुबंध संख्या 110 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 6 प्रतिशत यानी लगभग 1.04 करोड़ रुपये तथा अनुबंध संख्या 111 (मेसर्स नारायन एसोसिएट्स) पर 5 प्रतिशत यानी लगभग 86 लाख रुपये का लिक्विडेटेड डैमेज अधिरोपित किया जाना उचित बताया गया। भुगतान से पहले कटेगी पेनल्टी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा है कि कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल को भुगतान करते समय 3.35 करोड़ पेनल्टी की राशि काटकर भुगतान किया जाए, ताकि अनुबंध की शर्तों के अनुसार जुर्माना वसूली और परियोजना की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित हो सके।

## ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। देहात इंडिया के तत्वावधान में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम अहिरौरा में सम्पन्न हुयी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को देहात इंडिया के परिचय से अवगत कराया गया। ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति (वीएलसीपीसी) की संरचना एवं भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बाल विवाह, बाल श्रम एवं मानव तस्करी जैसी सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा करते हुए इनके दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। डॉ श्याम कुमार चौधरी (ग्राम प्रधान) द्वार गांव में संचालित योजनाओं को लेकर चर्चा हुए,अपना दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध किया। केतकी आंगनबाड़ी द्वारा बच्चों से संबंधित संचालित योजना–मातृत्व वंदन योजना, निःशुल्क पोषाहार, निःशुल्क शिक्षा एवं निःशुल्क हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इसके साथ 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित समुदाय को बाल विवाह न करने एवं रोकने की शपथ दिलाने पर भी चर्चा की गई और जागरूक किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में देहात इंडिया से अमरेश कुमार थाना दरगाह शरीफ से नीतीश सिंह, मुरारी यादव आरक्षी, अंजुदेवी, यशवंती, केतकी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, डॉ श्याम कुमार चौधरी ग्राम प्रधान, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं बाल संरक्षण को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी को मजबूत करना रहा।

## विनय अग्रवाल बने ओलंपिक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष



न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। ओलंपिक एसोसिएशन लखीमपुर इकाई की तरफ से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खेल की महत्व पर विशेष प्रकार डाला गया। कार्यक्रम में पदाधिकारी ने खेल की उपलब्धियां के विषय में जानकारी दी और लखीमपुर जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया। शहर के मशहूर व्यापारी विनय कुमार अग्रवाल को जिले की कमान सौंपते हुए उन्हें जिलाध्यक्ष का पद का कार्यभार सौंपा गया। जिला ओलंपिक एसोसिएशन महासचिव शारिफ तारा और कोषाध्यक्ष विवेक कुमार ने नव चयनित जिलाध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में संगठन को सकारात्मक रूप से देखते हुए महासचिव तारा ने कहा कि संगठन न सिर्फ आगे बढ़ेगा बल्कि खेलों को विशेष रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक जिले के खिलाड़ियों जनपद से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का मंच प्रदान करने वाली एक मात्र खेल संस्था, जिला ओलंपिक एसोसिएशन का चेयरमैन मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर तमाम खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। बताते चलें कि विनय अग्रवाल एक सोशल वर्कर और खेल प्रेमी व्यक्ति है। खेलो के क्षेत्र में खिलाडियों को हरसंभव सहयोग भी करते हैं। उम्मीद है कि ये खेल और खिलाड़ियों के हितों के लिए कार्य करते रहेंगे। जिला ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

## वाहन चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गिरोह बनाकर वाहनों की चोरी करने वाले गैंगस्टर एक्ट के एक अन्य वांछित अभियुक्त (गैंग सदस्य) को गिरतार कर लिया गया है। गिरतार अभियुक्त एक संगठित वाहन चोर गिरोह का सक्रिय सदस्य है, जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दो पहिया व चार पहिया वाहनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजी.त किया गया था और वांछित चल रहा था जिसे थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को उसके घर पिपरी खेरवा थाना बिसण्डा से गिरतार किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों में अरविन्द पुत्र रामसुमेर निवासी पिपरी खिरवां थाना बिसंडा है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में बलराम सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, नगर कां0 संदीप कुमार, कां0 पवन शामिल रहे।

## अव्यवस्थाओं पर मौलाना कल्बे जव्वाद ने जताई चिंता

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखनऊ। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कर्बला और हुसैनाबाद क्षेत्र में बढ़ती अव्यवस्थाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन पर आरोप लगाया है कि चोरी का माल इस क्षेत्र में लाया जाता है और बांटा जाता है, जिससे यह इलाका असामाजिक तत्वों का ठिकाना बन गया है। उन्होंने हुसैनाबाद ट्रस्ट के कुछ कर्मचारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। मौलाना ने निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है और उन्होंने सवाल उठाया है। यदि पुलिस सख्ती से कारवाई करे तो ऐसी गतिविधियों संभव नही है।

## गलत बैंक खाते में ट्रांसफर हुए 20 हजार रुपए कराए वापस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में थाना मरका की साइबर पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति के गलत बैंक खाते में




ट्रान्सफर हुए 20 हजार रुपये को वापस कराया गया।

गौरतलब हो कि थाना मरका क्षेत्र के ग्राम मरका के रहने वाले वीर प्रताप सिंह का 29 दिसंबर 2025 को 20 हजार रूपए का गलत बैंक खाते में ट्रांजेक्शन हो गया था। जिसकी सूचना आवेदक द्वारा थाना मरका पर दी गयी थी। जिस पर थाना मरका की साइबर पुलिस टीम द्वारा तत्परता से साइबर हेल्प लाइन नं0 1930 के माध्यम से शिकायत दर्ज करा कर 20 हजार रूपए पीड़ित के वापस कराया गया। आवेदक द्वारा पैसा वापस मिलने पर पुलिस टीम को धन्यवाद दिया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रमेश कुमार मौर्य म0कां0 सुप्रिया सिंह शामिल रहीं।

## स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन की टीम ने किया महिला अस्पताल का निरीक्षण

**- एफआरयू की सुविधाएं जांची, ओपीडी से लेकर ऑक्सीजन प्लांट तक सब कुछ परखा**

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। महिलाओं और नवजातों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की दिशा में शुक्रवार को स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश शासन के तहत स्वास्थ्य विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने वीरांगना अवंती बाई महिला चिकित्सालय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) के तहत संचालित व्यवस्थाओं को कसौटी पर कसा गया। राज्य स्तर से आई टीम में डॉ. राजश्री चौधरी, नोडल अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण और



समन्वय अधिकारी तृप्ति श्रीवास्तव शामिल रहीं। टीम ने निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार अस्पताल की ओपीडी, लेबर रूम, मैटरनिटी ओटी, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, एसएनसीयू, मैटरनिटी वार्ड, फार्मेसी, किचन व लॉन्ड्री, ऑक्सीजन प्लांट और मिनी स्किल लैब का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। टीम ने अस्पताल में दी जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए भविष्य में सुविधाओं के और अधिक सु.ढ़ीकरण एवं विस्तार की आवश्यकता पर जोर दिया। भ्रमण के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. रेनू पंत, डॉ. सलमान, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. दीपक कुमार आजाद, मो. आसिफ, मात्रिका किरण लता सोनकर व लालमती, नर्सिंग स्पेशलिस्ट कीर्ति तिवारी सहित चिकित्सालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## आइजीआरएस के निस्तारण में पुलिस ने प्राप्त किया पहला स्थान

**– एसपी के कार्यकाल में फिर हासिल हुआ सफलता का मुकाम**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी आईजीआरएस शिवराज के निकट पर्यवेक्षण में आनलाइन शिकायत पोर्टल समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली से प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण में जनपद पुलिस को प्रदेश रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मुख्यमंत्री कार्यालय से मूल्यांकन में प्रदेश के 75 जिलों में जनपद को शत प्रतिशत कार्यवाही के लिये प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल, जनसुनवाई, समाधान दिवस आदि पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया गया। इस परिणाम के लिए पुलिस अधीक्षक बांदा ने आईजीआरएस से जुड़े सभी कर्मियों को बधाई दी।

## बौद्धधर्म के अनुयाइयों ने मनाया पंचशील ध्वज दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। अम्बेडकर पार्क संघमित्रा बौद्ध विहार में बौद्ध धम्म अनुयाइयों ने विश्व धम्म ध्वज पंचशील लग दिवस के अवसर पर पांच धम्म ध्वज लगाए और लहराए। इस मौके पर उपस्थित सम्मानित धम्म बन्धुओं ने बौद्ध धर्म और विश्व शांति के प्रतीक पंचशील ध्वज के महत्व



को बताया। पंचशील ध्वज का महत्व नीला रंग शांति, प्रेम, दया और सार्वभौमिक करुणा, पीला रंग मध्यम मार्ग, शून्यता और स्थिरता, लाल रंग ज्ञान, सदाचार, भाग्य, गरिमा और बुद्धत्व की प्राप्ति, सफेद रंग धम्म की शुद्धता और मुक्ति, केसरिया नारंगी रंग ज्ञान, त्याग, उत्साह और बुद्ध की शिक्षा आदि है। इस मौके पर शिवसरण निवर्तमान जेलर रामखिलावन–हृदेश बौद्ध, सुखलाल बौद्ध, जेपी सिंह, जितेन्द्र कुमार उर्फ छोटू, मोहनलाल खण्डेलवाल, राममिलन वर्मा सभासद प्रतिनिधि, मां आरआर बौद्ध, सत्य प्रकाश बौद्ध, आनन्द कुमार, सत्य प्रकाश, गोविन्द बौद्ध एवं अन्य बौद्ध व अंबेडकर अनुयाई मौजूद रहे है।

## सीएम युवा उधमी योजना से जुड़कर हजारों लोग बने आत्मनिर्भर

**– 369 महिलाएं भी बनी आत्मनिर्भर**

**– पिछले एक वर्ष में जिले में 1412 लोगों ने लिया इस योजना का लाभ**

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जुड़कर जनपद में हजारों लोग आत्मनिर्भर बने हैं और जनवरी से अब तक 1412 लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ लिया है और अपना उद्योग व सेवा क्षेत्र को बढ़ाने का काम किया है। वही इस योजना में लोगों की काफी रुचि भी देखने को मिल रही है और लगातार लोग इस योजना का लाभ लेने के लिए जुड़ रहे हैं। योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक का लोन लाभार्थियों को दिया जाता है। जिसके जरिए लाभार्थी अपना उद्योग या सेवा क्षेत्र शुरू कर सकते हैं। वही सरकार के द्वारा 10: की सब्सिडी भी दी जाती है। वहीं इस योजना की खास बात यह है कि बिना ब्याज व बिना गारंटी के ही 5 लाख रुपये तक का लोन लाभार्थी को दिया जाता है और इसको 4 साल में लाभार्थी को चुकाना होता है। वहीं जिला उद्योग विभाग के द्वारा लोगों को इस योजना का लाभ मिले इसके प्रति प्रेरित करने का भी काम किया जा रहा है। प्रदेश में 10 वर्षों में 10 लाख लोगों को लाभ देने का है लक्ष्य दरअसल मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान भी कहा जाता है और सरकार का लक्ष्य है कि 10 वर्षों में इस योजना के जरिए 10 लाख लोगों को लाभ दिया जाए यानी कि प्रत्येक वर्ष एक लाख लाभार्थियों को लाभ देने का सरकार के द्वारा काम किया जा रहा है। जिससे कौशल प्रशिक्षण प्राप्त 21 से 40 वर्ष के युवा उद्योग या सेवा संबंधी उद्यम स्थापित कर स्वरोजगार युक्त बन सके। जिसके क्रम में 24 जनवरी से शुरू हुई इस योजना में बांदा में 31 दिसंबर 2025 तक 1412 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिया गया है। जिसमें 369 महिला लाभार्थी भी शामिल हैं जिन्होंने अपना उद्योग शुरू किया है या अपने सेवा क्षेत्र को बढ़ाया है। लाभार्थियों ने कई और लोगों को दिया रोजगार इस योजना से जुड़कर शहर के गायत्री नगर मोहल्ले के रहने वाले गुरु प्रसाद ने कोचिंग सेंटर की शुरुआत की है तो वही बड़ेखर खुर्द गांव की रहने वाली हीरामणि ने क्लाउड किचन खोला है और टिफिन सर्विस के जरिए कमाई कर रही हैं। वहीं अमलोर गांव की रहने वाली मेघा सिंह ने ब्यूटी पार्लर खोला है तो वही नगनेधी गांव की रहने वाली प्रीति ने आटा चक्की व स्पेलर उद्योग लगाया है। वहीं ऐला गांव के रहने वाले महंतलाल ने माटी कला उद्योग की शुरुआत कर दी है और इन लोगों ने अपने साथ अन्य लोगों को भी जोड़ा है और रोजगार देने का काम किया है। इसी तरह अन्य लाभार्थियों ने भी इस योजना से जुड़कर अपने उद्योग या सेवा क्षेत्र की शुरुवात की है। इस योजना में जुड़कर 369 महिलाएं भी बनी स्वरोजगार युक्त जिला उद्योग विभाग के उपायुक्त गुरुदेव रावत व जिला प्रबंधक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह योजना 24 जनवरी 2025 से शुरू हुई थी और 31 मार्च




2025 तक 291 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया गया था। जिसमें 211 पुरुष व 80 महिला लाभार्थी शामिल हैं। वहीं 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक 1121 लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया गया है। जिसमें 832 पुरुष व 289 महिला लाभार्थी शामिल हैं। इन्होंने बताया कि बांदा के लोग इस योजना से लगातार जुड़ रहे हैं और लगातार पंजीकरण कर रहे हैं और अभी तक लगभग तीन हजार लोगों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करा लिया है।

## पेट्रोल पम्प पर नो हेलमेट-नो यूल की हुई जाँच

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 3033/तीस–3–2025 31 दिसंबर 2025 द्वारा 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किये जाने के निर्देश के क्रम में आज 09 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नवें दिवस श्याम लाल सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा अतर्रा के ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पम्प पर नो हेलमेट–नो यूल की जाँच करते हुए आमजनमानस को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक किया गया। उक्त के अतिरिक्त वीरेन्द्र नाथ राजभर, यात्री मालकर अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से 90 बिना हेलमेट, 12 बिना सीटबेल्ट, 23 रांग साइड ड्राइविंग, 11 वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने एवं अन्य अभियोगों में 31 चालान किये गये।

# स्वस्थ व सतर्क रहना ही असली सुरक्षा, मिशन शक्ति टीम का संदेश



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को थाना भरेह पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना भरेह क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित किए गए। महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। महिला मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन 1090, वीमेन हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना सहित विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, आत्मनिर्भर बनने तथा सीखी गई जानकारी परिवार व समाज में साझा करने की अपील की गई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है।

# आकार ले रहा देश का पहला ग्लास म्यूजियम, सुहाग नगरी का दिखेगा हुनर

## - 47.47 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा कांच का संसार, 60 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा

## - ओडीओपी को मिलेगी नई उड़ान, लाखों कामगारों के हुनर को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय मंच और रोजगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश की सुहाग नगरी अब अपनी पारंपरिक चूड़ियों की पहचान से आगे निकलकर वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक चमकता हुआ केंद्र बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजनरी प्रोजेक्ट एक जिला–एक उत्पाद (ओडीओपी) को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए, प्रदेश सरकार में भारत का पहला भव्य ग्लास म्यूजियम (कांच संग्रहालय) तैयार कर रही है। लगभग 47.47 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह म्यूजियम न केवल कांच कला को प्रदर्शित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन के लिए श्गेम चेंजरश साबित होगा। फिरोजाबाद का कांच उद्योग केवल व्यापार नहीं, बल्कि यहां की आधी से अधिक आबादी की जीवन रेखा है। आंकड़ों के अनुसार शहर के कांच व्यवसाय से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 5 से 6 लाख लोग जुड़े हुए हैं। अकेले चूड़ी निर्माण और उसकी सजावट में 50,000 परिवार जुटे हैं। योगी सरकार का उद्देश्य इस विशाल जनशक्ति के हुनर को दुनिया के सामने लाना है। यह म्यूजियम इसी दिशा में एक बड़ा कदम है, जो न केवल कारीगरों को वैश्विक मंच देगा, बल्कि रोजगार के हजारों नए अवसर भी पैदा करेगा। कांच उत्पादन का हब फिरोजाबाद भारत के एमएसएमई क्षेत्र के कुल कांच उत्पादन का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा कवर करता है। यहां कांच निर्माण की लगभग 465 सक्रिय औद्योगिक इकाइयां हैं। इनमें पॉट फर्नेस (चूड़ियों के लिए), टैंक फर्नेस (बर्तन व बल्ब के लिए) और मफल फर्नेस (चूड़ियों की फिनिशिंग और हीट ट्रीटमेंट के लिए) शामिल हैं। वर्तमान में यहां से सालाना 1500 करोड़ रुपये तक का निर्यात हो रहा है, जिसमें ग्लास वुड आइटम, लावर पॉट और क्रिसमस डेकोरेशन जैसे उत्पाद प्रमुख हैं। ग्लास म्यूजियम बनने से विदेशी खरीदारों और डिजाइनरों के लिए यह एक शबिजनेस हबश की तरह काम करेगा, जिससे निर्यात में भारी बढ़ोतरी की उम्मीद है। 25,700 वर्ग मीटर में बन रहा हाई–टेक म्यूजियम डबराई क्षेत्र में विकास भवन के समीप 47.47 करोड़ रुपये की लागत से 25,700 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में बन रहा यह म्यूजियम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसका 60 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसमें 500 सीटों वाला भव्य ऑडिटोरियम और 150 सीटों वाला ओपन–एयर थिएटर, वॉच टावर और आर्ट गैलरी, जहां कांच की जादुई कला.तियों का प्रदर्शन होगा। इसके साथ ही मल्टीपर्पज हॉल, कैफेटेरिया और पर्यटन सूचना केंद्र, जो आगंतुकों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करेंगे। ग्लास उद्योग को लगेंगे पंख, बढ़ेगा निर्यात ग्लास म्यूजियम को लेकर उद्योग जगत में जबरदस्त उत्साह है। ऑल इंडिया ग्लास मैन्युफैक्चरर फेडरेशन के उपाध्यक्ष और यूपी ग्लास मैन्युफैक्चरिंग सिंडिकेट के महासचिव मुकेश कुमार बंसल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार का यह प्रयास फिरोजाबाद के ग्लास उद्योग के लिए गेम चेंजर साबित होगा। इससे उद्योग को नए पंख लगेंगे और हमारे निर्यात में भारी बढ़ोतरी होगी। अब तक हमें अपनी कला को प्रदर्शित करने के लिए एक उचित मंच की कमी खलती थी, लेकिन यह म्यूजियम हमें वह वैश्विक मंच प्रदान करेगा जहां दुनिया भर के खरीदार हमारी क्षमता देख पाएंगे। इससे न केवल निर्यात बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के हजारों नए अवसर भी पैदा होंगे। वैश्विक पर्यटन और संस्.ति का संगम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का विजन फिरोजाबाद की पारंपरिक कांच कला को वैश्विक पहचान दिलाना है। यह भव्य ग्लास म्यूजियम संस्.ति और उद्योग का एक अनूठा संगम होगा, जो दुनिया भर के पर्यटकों को कांच निर्माण के गौरवशाली इतिहास और आधुनिक तकनीक से रूबरू कराएगा। हमारा प्रयास जनपद को अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन हब के रूप में स्थापित करना है, जिससे स्थानीय हुनर को नया मंच मिले।



# बाल विवाह पर शून्य सहनशीलता नीति अपनाने का एसएसपी का सख्त संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बाल विवाह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने, समाज स्तर पर शून्य सहनशीलता का वातावरण विकसित करने तथा बालक–बालिकाओं के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत थाना एएचटी की संयुक्त टीम द्वारा थाना बढ़पुरा क्षेत्र में जन–जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान 27 नवंबर से 08 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान विवाह घर संचालक, सभासद, बैंड संचालक, ग्राम प्रधान, हलवाई, मंडप एवं बैंक्विट हॉल संचालक तथा मंदिरों के पुजारियों को बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह कानूनन दण्डनीय अपराध है तथा इसके प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है। अभियान के दौरान सभी से अपील की गई कि वे अपने स्तर से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने में सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उक्त अभियान में थाना बढ़पुरा पुलिस, किशोर न्याय पुलिस इकाई प्रभारी, थाना एएचटी टीम तथा बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल की इमरजेंसी में एक्सपायर इंजेक्शन मिलने से हड़कंप

## – हृदय रोगियों को लगाए जाने थे इंजेक्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला अस्पताल की इमरजेंसी सेवाओं में उस समय हड़कंप मच गया। जब वहां एक्सपायर इंजेक्शन मिलने का गंभीर मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार ये इंजेक्शन हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को लगाए जाने थे, जिससे मरीजों की जान को खतरा हो सकता था। मामला उजागर होने के बाद अस्पताल प्रशासन में खलबली मच गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। सीएमएस ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही से अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं, मरीजों और उनके तीमारदारों में इस घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि मरीजों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।



# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया ज्ञापन

## - विकलांग व्यापारियों को सरकारी कार्यालयों में निःशुल्क स्थान आवंटित किऐ जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की लखनऊ में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल को जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में माँग की विकलांग व्यापारियों को सरकारी कार्यालयों के परिसर में स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री हेतु निःशुल्क स्थान आवंटित किया जाए जिससे विकलांग व्यापारी आत्मनिर्भर बनकर देश की सेवा कर सकें। विकलांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तथा कार्यालय में आने वाले आगंतुकों की आवश्यकता को देखते हुए स्थानीय स्वदेशी उत्पादकों की बिक्री कर के आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना विशेष सहयोग प्रदान कर सकें। कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, रोडवेज सहित अन्य सरकारी स्थानों में निःशुल्क दुकानों के लिये स्थान आवंटित किए जाए जिससे स्वदेशी तथा जनपद के लघु एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा मिल सके। बैठक में प्रमुख रूप से युवा प्रदेश मंत्री पंकज कुशवाह, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, महिला जिला संरक्षक सुशीला राजावत, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाह, जिला महामंत्री वर्षा दुबे, जिला उपाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्तोष कुमार वर्मा, लल्लू वारसी, नगर प्रभारी संजय वर्मा, युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाह, युवा नगर मंत्री आकाश वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।



# सिरसागंज तहसील बार कौंसिल से संबद्ध, चेयरमैन ने सौंपा प्रमाण पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। सिरसागंज तहसील अधिवक्ताओं को मिली बड़ी सफलता कल आगरा मे बार कॉन्सिल के सभागार में बार कॉन्सिल उत्तर प्रदेश के चेयरमैन शिव किशोर गौड ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष सिरसागंज श्यामेंद्र यादव के अथक प्रयासों एवं डॉ अवनीश यादव, गणेश शंकर वर्मा, नवनीत यादव, अंकुर यादव, प्रमोद शर्मा आदि के विशेष सहयोग एवं चेयरमैन बार कॉन्सिल उत्तर प्रदेश के बेहतरीन सहयोग एवं प्राथमिक वरीयता के फलस्वरूप तहसील सिरसागंज को बार कॉन्सिल ऑफ उत्तरप्रदेश से सम्बद्ध किए जाने का प्रमाण पत्र दिया है। तहसील सिरसागंज को बने एक दशक से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी सम्बद्ध नहीं हो पाई थी वो कमी कल पूरी हुई और अधिवक्ता गणों लंबे समय से लंबित मांग पूरी हुई। यह सूचना मिलने पर तहसील सिरसागंज में खुशी का माहौल रहा। जिसका प्रमाण पत्र कल आगरा में चेयरमैन शिव किशोर गौड से प्राप्त होने के बाद अध्यक्ष सिरसागंज श्यामेंद्र यादव ने बताया अधिवक्ता हितों में हम हमेशा से खड़े रहे है और खड़े रहेंगे ये बड़ी उपलब्धि है। मगर शुरुआत है जल्द तहसील के लिए तमाम उन जरूरी कामों की पहल भी करेंगे जो आवश्यक है चाहे लाइब्रेरी हो अन्य साधन जो जरूरी ही। साथ में रहे डॉ अवनीश यादव, अंकुर यादव, प्रमोद शर्मा आदि रहे।



# योगी सरकार का नववर्ष उपहार, 232 और परिवारों का हुआ अपना घर

## - कड़ाके की ठंड के बीच मिली पक्की छत की सुरक्षा, लाभार्थियों के खिले चेहरे

## - सीएम आवास योजना से विधवा, दिव्यांग और निर्धन परिवारों को मिला सहारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ–सबका विकास संकल्प को साकार करते हुए जिला प्रशासन ने गुरुवार को 232 पात्र परिवारों को श्मुख्यमंत्री आवास योजनाश के तहत पक्के घर के प्रमाण पत्र सौंपे। कड़ाके की ठंड के बीच पक्की छत का यह तोहफा निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और वंचित समुदायों के लिए नए साल का सबसे बड़ा उपहार है, जिससे उन्हें सुरक्षा और सामाजिक गरिमा मिली है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में अब तक जिले के कुल 1207 जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वंचितों को मिली प्राथमिकता विकास खंड नारखी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रमुख रविता चक ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि योगी सरकार का मूल मंत्र उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जो दशकों से उपेक्षित थे। इस योजना के तहत विशेष रूप से प्रा.तिक आपदाग्रस्त परिवारों, कुष्ठरोग प्रभावितों, नट, लोहार जैसे घुमंतू समुदायों, दिव्यांगजनों और निराश्रित विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर चुना गया है। सिर पर पक्की छत होने से न केवल इन परिवारों को मौसम की मार से सुरक्षा मिलेगी, बल्कि समाज में उनकी गरिमा और मान–सम्मान भी बढ़ेगा। पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी रमेश रंजन ने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद में हमने पूरी पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों का चयन किया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए हमारी प्राथमिकता थी कि जल्द से जल्द पात्रों को प्रमाण पत्र सौंपे जाएं, ताकि वे निर्माण कार्य शुरू कर सकें। लाभार्थियों की आंखों से छलके खुशी के आंसू प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर जो सुकून दिखा, वह योगी सरकार की सफलता की कहानी खुद बयां कर रहा था। पति की मृत्यु के बाद कच्चे छप्पर में बच्चों के साथ रह रहीं गढ़ी श्रीराम निवासी रुचि कुमारी ने भावुक होकर बताया कि ठंड में हर पल डर लगता था कि छप्पर गिर न जाए। अब मुख्यमंत्री जी की .पा से मेरा अपना पक्का घर बनेगा। यह मेरे लिए नए साल का सबसे अनमोल उपहार है। वहीं गढ़ी सिरधारी निवासी दिव्यांग लाभार्थी भूरी सिंह ने कहा कि एक दिव्यांग के लिए घर बनाना पहाड़ जैसा कठिन काम था। सालों तक दूसरों की दया पर निर्भर रहा, लेकिन आज योगी सरकार ने मुझे अपने घर का मालिक बनाकर सुरक्षित महसूस कराया है। आवास के साथ मिल रहा योजनाओं का लाभ योगी सरकार की दूरदर्शिता का प्रमाण यह है कि लाभार्थियों को केवल मकान ही नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन आधार दिया जा रहा है। इन आवासों के साथ–साथ लाभार्थियों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय और आयुष्मान हेल्थ कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से भी जोड़ा जा रहा है। सरकार का यह समन्वित प्रयास सुनिश्चित करता है कि प्रदेश में विकास की किरण अब हर गरीब की चौखट तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रही है। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रम रोजगार सुभाष चंद्र और खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# वैज्ञानिक जागरुकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग : अश्वनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण - संचार कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय गणित दिवस पर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डीआर इंटर कॉलेज माधौगंज शिकोहाबाद में 16 जनवरी को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय गणित दिवस है। जिसमें गणित विषय पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, गणित मॉडल प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से सम्मानित किया जाएगा। डी आर इंटर कॉलेज माधौगंज, शिकोहाबाद के प्रबंधक ओम प्रकाश यादव ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कराकर उनकी प्रतिभा का विकास करे।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा पत्र

## - पीड़ित पटाखा व्यापारियों की समस्याओं से कराया अवगत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें पीड़ित पटाखा व्यापारियों की समस्याएं अवगत कराई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आष्वासन देते हुए कहा कि चिंता न करें, फतेहपुर के पटाखा व्यापारियों की बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचाई जाएगी। राजधानी लखनऊ में आयोजित प्रदेश कार्य समिति की बैठक में जनपद से संजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, बृजेश सोनी, जिला महामंत्री रज्जन गुप्ता और संजय सिंह जौहरी के साथ व्यापारियों ने प्रतिभाग किया। पत्र के माध्यम से अभी तक पीड़ित पटाखा व्यापारियों की कोई शासन स्तर से कोई सुनवाई न होना और न ही उनको कोई मुआवजा मिला। इसके बारे में स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया गया। इसके साथ ही जनपद में आयोजित होने वाली व्यापार बंधु की बैठक व्यापारिक सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक और उद्योग बंद की बैठक की गुणवत्ताहीन बैठको को गुणवत्तायुक्त करने की भी मांग की। फतेहपुर के कुछ विभागों में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों की सूची भी राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल को सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी हालत में उत्तर प्रदेश के अंदर व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारी हितों में बहुत सारी योजनाएं सरकार चला रही है। यदि किसी योजना में इच्छुक व्यापारी के हित को देखते हुए कोई भी अधिकारी योजना में मिलने वाले व्यापारिक लाभ में हीला हवाली करता है या रिश्वत मांगता है तो उसके ऊपर शासन स्तर से कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।





# रेनॉल्ट कंपनी के अधिकारियों पर पूर्व सेल्स मैनेजर ने मढ़े आरोप

## – बिना कारण बताए नौकरी से निष्कासित करने व वेतन न दिए जाने की कही बात

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मवइया पोस्ट कोरसम निवासी राघवेंद्र सिंह पुत्र जयपाल सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि शहर स्थित रेनॉल्ट कार शोरूम में बातौर सेल्स मैनेजर नवंबर 2024 से 8 दिसंबर 2025 तक



पूर्ण लगन एवं ईमानदारी से काम किया। अप्रैल 2025 में तुषार सनी नाम के व्यक्ति को वातावर टीम लीडर कंपनी ने नौकरी में रखा। तुषार सैनी की महत्वाकांक्षा एवं झूठ पर के चलते आठ दिसंबर 2025 को कंपनी से बिना पूर्व नोटिस के सेवा से निष्कासित कर दिया गया। कंपनी के मुख्य प्रबंधक गगनदीप सिंह एवं कंपनी के एचआर मैनेजर विजय सिंह एवं तुषार सैनी की कुत्सित मानसिकता के कारण वह बेरोजगार हो गया। उसका नवंबर माह का वेतन एवं दिसंबर के आठ दिन का वेतन व पिछले तीन माह का इंसेंटिव कंपनी ने नहीं दिया। बात करने पर तुषार सैनी ने अभद्र गलियां दी। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग किया कि जीवन यापन व स्वाभिमान के लिए कंपनी के संचालक गगनदीप सिंह एवं कंपनी के एचआर विजय सिंह व फतेहपुर शाखा में तुषार सैनी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बताया कि जिला श्रम अधिकारी एवं सेवायोजन कार्यालय में पूर्व से बहुत से प्रार्थना पत्र लंबित है। जिन पर कार्यवाही होना अत्यंत आवश्यक है। वित्तीय अनियमिताओं के चलते कंपनी के समस्त दस्तावेजों एवं मानक विहीन सेवाओं के लिए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# रेडक्रास चेयरमैन ने फिर बाटे कंबल

## – भीषण ठण्ड में कंबल पाकर जरूरतमंदों के खिले चेहरे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बढ़ती शीतलहर व सर्दी के प्रकोप से किसी को कोई परेशानी न हो इस भाव से पूर्व वर्षों की भांति पुनः रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने चिन्हित अतिजरूरतमंद बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगजनों को कंबल



वितरण किया। डॉ अनुराग ने अंबेडकरनगर देवीगंज के 5, झाऊपुर के 5, राधानगर पूर्वी के 6, शिवनगर कालोनी राधानगर पश्चिमी के 6, सथरियांव के 6 कुल 28 कंबल वितरित किए गए। डॉ अनुराग ने बताया कि अभी अन्य वार्डों में भी चिन्हित कर कंबल प्रदान किए जाएंगे। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। सभी ने रेडक्रास के कार्यों की जमकर सराहना की। इस अवसर पर प्रमुख सहयोगी चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ, सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उपस्थित रहे।

# नगर आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव के प्रथम नगर आगमन पर तहसील गेट पर एकत्र अधिवक्तागणों व युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल–माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधाई दी।



भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनने के बाद अन्नू श्रीवास्तव पहली बार खागा नगर में पधारे। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने पुराने मित्रों से साझा की तो युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष रितेश पांडेय व अधिवक्ता इसराइल फ़ारूक़ी के नेतृत्व में तहसील गेट पर सैकड़ो लोगो ने एकत्र होकर उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के पश्चात जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी भी व्यापारी व अधिवक्ता को कोई समस्या या परेशानी आए तो वह उनसे सीधे संपर्क कर सकता है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरोज पांडेय, संजय श्रीवास्तव, राजू दुबे, सुशील त्रिपाठी, अनूप कौशल, नीतू जायसवाल एडवोकेट, सोनू सिंह, श्याम कुमार गुप्ता एडवोकेट, अरविंद पांडेय एडवोकेट, पत्रकार राम नारायण विश्वकर्मा, मनोज, अभिमन्यु सिंह एडवोकेट, हेमचंद्र शर्मा एडवोकेट, आशु शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दो गैंगस्टर अभियुक्तों पर 25-25 हजार का ईनाम घोषित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सदर कोतवाली में पंजीकृत अभियोग के दो गैंगस्टर अभियुक्तों पर 25–25 हजार रूपए का नगद पुरस्कार घोषित किया है। बताते चलें कि थाना कोतवाली पर पंजी.त अभियोग मु0अ0सं0 757/22 धारा 2/3 गैंगेस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्त महराजा महतो पुत्र भगत महतो निवासी मोइनी समस्तीपुर बिहार की शीघ्र गिरतारी हेतु टीमें लगायी गयी हैं। फरार अभियुक्त की गिरतारी हेतु एसपी ने 25000 का नगद पुरस्कार घोषित किया है। इसी तरह थाना कोतवाली पर पंजी.त अभियोग मु0अ0सं0 717/2022 धारा 2/3 गैंगेस्टर अधिनियम में वांछित अभियुक्त मो0 शमशाद उर्फ पप्पू पुत्र अली हसन निवासी ग्राम सनगांव थाना–कोतवाली की शीघ्र गिरतारी हेतु टीमें लगायी गयी हैं। फरार अभियुक्त की गिरतारी हेतु एसपी ने 25000 का नगद पुरस्कार घोषित किया।

# पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

## - सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में फातिमा शेख का रहा अतुलनीय योगदान : तरन्नुम

## - दलित महिलाओं के उत्थान हेतु किए फातिमा ने किए अथक प्रयास : आसिफ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। देश की पहली मुस्लिम महिला शिक्षिका ज्ञानज्योति फातिमा शेख की जयंती का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बुद्ध पार्क के निकट मनाया गया। बार एशोसियेशन के अध्यक्ष गया प्रकाश दुबे, बाल कल्याण समिति की सदस्य तरन्नुम व महिला थाने से सब इंस्पेक्टर आशा पांडेण्य, सामाजिक कार्यकर्ता मालती देवी, वरिष्ठ अधिवक्ता रूही एडवोकेट ने सामूहिक रूप से केक काटा। सदस्य तरन्नुम ने कहा कि फातिमा शेख ने महिलाओं के लिए जो स्कूल खोला वो महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में भी अतुलनीय योगदान दिया। बार एसोसिएषन के अध्यक्ष ने कहा कि फातिमा शेख ने महिलाओं के बीच शिक्षा की जो ज्योति जलाई वो आज निरन्तर जल रही है। शिक्षा की वजह से आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना व देश का नाम रोशन कर रही हैं। आयोजक मोहम्मद आसिफ एडवोकेट ने बताया कि 1848 में लड़कियों, विशेष रूप से दलित और मुस्लिम समुदाय की लड़कियों को शिक्षित करने में



उनका योगदान अविस्मरणीय है। फातिमा शेख ने सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ दलित महिलाओं के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए। सावित्रीबाई फुले के शिक्षा के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए जब उन्हें घर से निकाला गया। तब फातिमा शेख के भाई उस्मान शेख ने फुले दंपति को सहारा दिया। स्कूल में अध्यापकों की अनुपलब्धता के समय फातिमा शेख ने लड़कियों को पढ़ाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। फातिमा शेख को दलित–मुस्लिम एकता के एक प्रमुख ध्वजवाहक के रूप में स्मरण किया जाता है। इस मौके पर बार एशोसिएशन के महामंत्री जितेन्द्र सिंह, वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट, श्रवण कुमार गौड़ एडवोकेट, वीर सिंह एडवोकेट, अनुज दिक्षित एडवोकेट, अजलाल फारुकी एडवोकेट, पूर्व पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद कासिम, पूर्व महामंत्री बार एशोसिएशन बचानी लाल, पूर्व महामंत्री आशीष गौण, चंद्र पाल मौर्य एडवोकेट, ममनून एडवोकेट, अत्तहियात एडवोकेट, शकील एडवोकेट, सुरेन्द्र गौतम एडवोकेट, बौद्ध प्रिय गौतम एडवोकेट, मोहम्मद गुलफाम खान एडवोकेट, रुखसार एडवोकेट, अलफिशा एडवोकेट, दिव्या एडवोकेट, दानिशी एडवोकेट, यासीन एडवोकेट, मोहम्मद यासीन एडवोकेट, मिर्जा असद बेग एडवोकेट, शिव प्रसाद, बृजेश सोनी, गाज़ी अब्दुर रहमान गनी, दिलशाद अहमद, धीरज कुमार बाल्मीकि, शुऐब अहमद अरबी, इरशाद हुसैन, प्रकाश अंबेडकर, नरेश पासी मौजूद रहे।

# सूर्य देव ने दिए दर्शन, दिन में जनमानस को मिली राहत

## - पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते शीतलहर जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ठंड का प्रकोप बदस्तूर



जारी है। जिसकी वजह से आम जनमानस बेहाल नज़र आ रहा है। शुक्रवार को सूर्य देवता ने दर्शन दे दिए जिससे दिन के समय लोगों को राहत मिल गई। शाम होते ही सर्द हवाओं ने एक बार फिर लोगों को झकझोर दिया उन्हें घरो में दुबकने को मजबूर कर दिया। भीषण ठण्ड के बीच रोज़गार व घरेलू कार्यों से घरों से बाहर निकलने वाले राहगीर सड़क के किनारे जल रहे अलाव की आग का सहारा लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा बनाये गए अस्थाई रैन बसेरों में भी कंबल के बीच सर्दी से बचने के लिये लोग दुबके हुए देखे गए। सर्दी और कोहरो के कारण ट्रेने अपने निर्धारित समय से काफी लेट रहीं। अपने गंतव्यों को जाने के लिये लोग बसों का सहारा लेते हुए दिखाई हुए। सड़कों पर अपने कार्यों से निकलने वाले लोगों को सर्द हवाओं के थपेड़ो का सामना करना पड़ा। दुकानदारों द्वारा सर्दी से बचने के लिये अपनी दुकानों के सामने कागज़ व दतियों के बीच अलाव के सहारे दिन काटने को मजबूर रहे। ठंड से बचने के लिये बाज़ारो में सर्दियों के कपड़ो की खरीददारी तेजी से हो रही है। लोग स्वेटर, जैकेट के साथ कंबल–रजाई एवं अन्य गर्म कपड़ों की खरीद करते रहे। वैज्ञानिकों के अनुसार पहाड़ी इलाकों में लगातार बर्फबारी के कारण सर्द हवाओं का दौर जारी है। घने कोहरे के बीच लगातार बढ़ रही सर्दी से आमजनमानस को आने वाले दिनों में किसी तरह की कोई राहत मिलती हुई दिखाई नहीं दे रही। चिकित्सकों ने बच्चों एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को ठंड से बचने के लिये घरो में रहने एवं घरो से बाहर निकलने पर विशेष रूप से ध्यान रखने की सलाह दी है।

# युवा उत्सव के रूप में मनाया जायेगा वार्षिकोत्सव

## - युवा विकास समिति का 10 वाँ वार्षिक कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे गरीब बस्तियों में बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करके उन्हें संसाधन उपलब्ध कराने एवं जरूरतमंदों की मदद के लिए अग्रसर रहने वाले युवा विकास समिति का दसवां वार्षिकोत्सव 10 जनवरी को शहर के एक गेस्ट हाउस में धूमधाम के साथ युवा उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। समिति के जिला प्रवक्ता आलोक गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 वर्षों से लगातार गरीब निराश्रित पीड़ित असहाय, जरूरतमंद लोगों की मदद करते हुए समिति ने हर व्यक्ति की मदद के लिए निस्वार्थ भावना से कार्य किया है। सबसे जरूरी काम सर्दियों में जरूरतमंदों को कपड़े मुहैय्या कराने के लिए नेकी की दीवार बनाकर के जन सेवा की मिसाल कायम किया। गरीब झोपड़ पट्टियों में एवं बाढ़ पीड़ितों के बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित करना हो चाहे भ्रष्टाचार को लेकर के आवाज बुलंद करना हो, पर्यावरण सुरक्षा एवं शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए जरूरी मुद्दों को समय–समय पर उठा करके युवा विकास समिति ने सामाजिक कार्य में अपनी छवि स्थापित किया है। बताया कि शहर में 10 जनवरी को दसवां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित तिवारी, संगठन प्रमुखी संजय दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा समेत समिति के सभी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। जहां पर जनपद के वरिष्ठ समाजसेवियों, कवियों, साहित्यकारों, जनसेवी और विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे पत्रकारों को



सम्मानित किया जाएगा।

# खखरेरू नगर पंचायत में भ्रष्टाचार का आरोप

## - ईओ के खिलाफ बजरंग दल ने खोला मोर्चा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा तहसील के अंतर्गत खखरेरू नगर पंचायत में कथित अनियमितताओं को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की गई। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने ईओ के पूरे कार्यकाल की जांच कराए जाने की मांग करते हुए कहा है कि उनके पास एक साथ दो–दो नगर पंचायतों का चार्ज है, जिससे कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हिंदू संगठन बजरंग दल ने इस मामले में ईओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन का आरोप है कि नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया और विभिन्न ठेकों में भारी गड़बड़ियां की गई हैं। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर लाभ पहुंचाया गया और आम जनता को परेशान किया जा रहा है। बजरंग दल नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधे शिकायत करेगा। साथ ही आंदोलन को और तेज करने की भी चेतावनी दी गई है। फिलहाल मामला जिलाधिकारी तक पहुंच चुका है और प्रशासनिक स्तर पर आगे की कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बच्चों ने ली शपथ

## - निष्पक्ष देव विद्या मंदिर इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व आमजन, विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत गुरुसंडी गांव स्थित निष्पक्ष देव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष पांडेय ने उपस्थित छात्र–छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने शपथ लेते हुए संकल्प किया कि वे सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पूर्ण पालन करेंगे, वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करेंगे, तेज गति से वाहन नहीं चलाएंगे तथा स्वयं सुरक्षित रहते हुए दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगे। प्रधानाचार्य मनीष पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज में भी यातायात नियमों की जानकारी साझा करें ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इस अवसर पर विद्यालय का शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा और सभी ने सड़क सुरक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना का विकास हुआ। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान शैलेश पांडेय, प्रवीण पांडेय, दीपक, राकेश सहित मौजूद रहे।

# खेत में पड़ा मिला किसान का शव

## – पुलिस ने शुरू की जांच–पड़ताल

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिंदकी, फतेहपुर। किसान का शव खेत में पड़ा देखा गया तो हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ




ही जांच–पड़ताल भी शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी क्षेत्र की रारी खुर्द गांव में किसान अजय कुमार पटेल उर्फ गुड्डू पटेल 38 वर्ष पुत्र रामबाबू पटेल का शव खेत में पड़े देखा गया तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। परिजनों ने बताया कि किसान अजय कुमार पटेल उर्फ गुड्डू पटेल रात को खेत में पानी लगाने गए थे इसके बाद रात में वापस घर नहीं आए। सुबह खेत में मृत अवस्था में पड़े मिले। किसान की मौत के बाद परिजन रो रो कर बेहाल रहे।

# परिवार न्यायालय की अवकाश सूची जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजेश उपाध्याय ने बताया कि उच्च न्यायालय के परिपत्र के अनुसार 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति, 05 मार्च को होली, 23 अप्रैल को मुहर्रम की सातवीं (अवकाश स्थानीय चन्द्रदर्शन के अनुसार पुनः निर्धारित किया जा सकता है), 26 अगस्त को बारावफात (अवकाश स्थानीय चन्द्रदर्शन के अनुसार पुनः निर्धारित किया जा सकता है) एवं 28 अगस्त को रक्षाबन्धन के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। इसी प्रकार उच्च न्यायालय की अवकाश सूची के क्रम संख्या (7) पर अंकित टिप्पणी के अनुसार 15 फरवरी को महाशिवरात्रि अवकाश रविवार के दिन पड़ने के कारण 19 अक्टूबर को दशहरा (महाअष्टमी) एवं 08 नवंबर को दीपावली अवकाश रविवार के दिन पड़ने के कारण 10 नवंबर को दीपावली का अतिरिक्त अवकाश घोषित किया जाता है।

# ठंड लगने से वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम चकिया मजरे मलाव में ठण्ड लगने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चकिया मजरे मलाव गांव निवासी स्व0 गरीवा का पुत्र जगरूप गुरूवार की शाम घर से निकला था। काफी देर बीतने पर जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी लेकिन उसका कोई सुराग न लगा। शुक्रवार की सुबह चकीवा तिराहा के पास जगरूप मृत अवस्था में मिला। तभी परिजनों ने इसी सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके में पहुची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक के भतीजा ज्ञानचन्द्र ने दी।

# सड़क हादसों में एक मौत, दूसरा घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के मानापुर के पास गुरूवार की रात सड़क पार कर रहे 25 वर्षीय युवक को तेज रतार युवक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के परेठी गांव निवासी स्व0 सूरजदीन का पुत्र राहुल अपने आधा दर्जन साथियों के साथ बाइक से हथगाम थाना क्षेत्र के अर्न्तगत सुअर बेचने गया था। रात लगभग 8 बजे वापस लौटते समय मानापुर के समीप सभी गाड़ी खडी कर लघुशंका करने लगे जबकि राहुल सड़क के दूसरी ओर चला गया। वापस लौटते समय विपरित दिशा से तेज रतार आ रही पिकअप ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घर वाले उसे हथगाम सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सीय उपचार के बाद हालत ठीक न होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। घटना की जानकारी पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक का बड़ा भाई सुनील ने दी है। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के शाह निवासी रामबली का 45 वर्षीय पुत्र सुभाष बाइक लेकर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव के बाहर पहुंचा तभी सामने से आ ही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां बाद में परिजन उसे प्राइवेट नर्सिग होम ले गये।

# जीरो फैटैलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान के तहत 71 वाहनों का ई-चालान

## – अभियान को प्रभावी बनाए रखने के एसपी ने थाना प्रभारियों को दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद को जीरो फैटैलिटी डिस्ट्रिक्ट बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की गई है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ बड़ी मुहिम चलाई गई। 08/09 जनवरी की रात्रि में सीसीटीवी टीम तथा थाना कोतवाली शहर, हुसैनगंज, थरियांव, खागा एवं मलवान के थाना प्रभारियों के नेतृत्व में



यातायात प्रभारी लालजी सविता द्वारा संयुक्त रूप से हाईवे पर छापेमारी की गई। इस दौरान अवैध पार्किंग में खड़े 71 वाहनों को मौके से हटवाया गया तथा सभी के खिलाफ ई–चालान जारी किया गया। वाहन स्वामियों को भविष्य में हाईवे पर वाहन खड़ा करने पर कड़ी विधिक कार्रवाई की चेतावनी देकर छोड़ा गया। पुलिस का कहना है कि हाईवे किनारे अवैध पार्किंग सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती है, इसलिए इस पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाएगा। एसपी अनूप कुमार सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि जीरो फैटैलिटी अभियान को और प्रभावी बनाते हुए नियमित रूप से ऐसी कार्रवाइयां जारी रखी जाएं, ताकि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को शून्य स्तर तक लाया जा सके।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )